अधोहस्ताक्षरी को यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 1972 का अधिक्रमण करते हुए केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली 2021 को अधिसूचित किया है। केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 का नियम 65 **उपदान, पेंशन और कुटुंब पेंशन के विलंबित संदाय पर ब्याज** से संबंधित है।

2. केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 के नियम 65 नियम के अनुसार, ऐसे सभी मामलों में जहां उन नियमों के अनुसार अनंतिम पेंशन या अनंतिम कुटुंब पेंशन या अनंतिम उपदान मंजूर नहीं किया गया है अथवा जहां पेंशन या कुटुंब पेंशन या उपदान का संदाय के प्राधिकार में विलंब किया गया है और यह स्पष्ट रूप से सिद्ध हो जाता है कि संदाय में विलंब प्रशासनिक कारणों या चूक के कारण माना जा सकता है तो पेंशन या कुटुंब पेंशन या उपदान के बकायों पर, सामान्य भविष्य निधि रकम पर यथालागू दर पर और ऐसी रीति में ब्याज संदत्त किया जाएगा। तथापि, यदि संदाय में विलंब, सरकारी कर्मचारी या पेंशनभोगी या सरकारी कर्मचारी के कुटुंब के सदस्य द्वारा पेंशन या कुटुंब पेंशन मामलों पर कार्रवाई करने के लिए सरकार द्वारा अधिकथित प्रक्रिया के अनुपालन में असफलता के कारण हुआ है तो कोई ब्याज देय नहीं होगा।

3. पेंशन या कुटुंब पेंशन या उपदान(अनंतिम पेंशन या कुटुंब पेंशन या उपदान सहित) के विलंबित संदाय के सभी मामलों पर, मंत्रालय या विभाग के कर्मचारियों और इसके संलग्न तथा अधीनस्थ कार्यालयों के कर्मचारियों की बाबत उस मंत्रालय या विभाग के सचिव या उसके द्वारा इस प्रयोजन के लिए प्राधिकृत अन्य अधिकारी, जो भारत सरकार के संयुक्त सचिव के स्तर से नीचे का न हो, द्वारा विचार किया जाएगा और यदि सचिव या उसके द्वारा प्राधिकृत अधिकारी का यह समाधान हो जाए कि पेंशन या कुटुंब पेंशन या उपदान के संदाय में विलंब प्रशासनिक कारणों या चूक के कारण हुआ था, तो ब्याज का संदाय उसके द्वारा प्राधिकृत किया जाएगा।

जारी-

4. विभाग या कार्यालय उस सरकारी कर्मचारी या उन कर्मचारियों का उत्तरदायित्व नियत करेगा जो प्रशासनिक चूक के कारण उपदान या पेंशन या कुटुंब पेंशन के संदाय में विलंब के लिए दायी पाये जाते हैं और उनके खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई करेगा। अनुशासनिक कार्यवाहियों, यदि कोई हो, के परिणाम की प्रतीक्षा किए बिना, ब्याज का संदाय सचिव या उसके द्वारा अधिकृत अधिकारी द्वारा स्वीकृत किए जाने की तारीख से दो महीने के भीतर किया जाएगा।

5. पेंशन या उपदान के संदाय में विलंब होने पर जिस अवधि के लिए ब्याज देय होगा, वह निम्नलिखित रीति से अवधारित की जायेगी, अर्थात:-

(क)अधिवर्षिता पर सेवानिवृत्त हुए सरकारी कर्मचारी की दशा में सेवानिवृत्ति की तारीख से तीन मास की अवधि की समाप्ति के बाद की तारीख से, पेंशन या उपदान या दोनों के बकायों के संदाय की तारीख तक ब्याज संदेय होगा;

(ख) अधिवर्षिता से अन्यथा सेवानिवृत्त हुए या सेवानिवृत्त किये गए या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या किसी स्वायत्त निकाय में आमेलित अथवा सेवा के दौरान या सेवानिवृत्ति के पश्चात् दिवंगत हुए सरकारी कर्मचारी की दशा में, यथास्थिति, सेवानिवृत्ति या आमेलन या मृत्यु की तारीख से तीन मास की अवधि की समाप्ति की तारीख के बाद की तारीख से,पेंशन या उपदान के बकायों के संदाय की तारीख तक ब्याज संदेय होगा;

(ग) ऐसे सरकारी कर्मचारी की दशा में, जिसे सेवनिवृत्ति की तारीख पर उसके विरुद्ध विभागीय या न्यायिक कार्यवाहियां लंबित होने के कारण सेवानिवृत्ति पर अनंतिम पेंशन संदाय किया गया था और सेवानिवृत्ति उपदान का संदाय नहीं किया गया था और जो ऐसी विभागीय या न्यायिक कार्यवाहियों की समाप्ति पर सभी आरोपों से दोषमुक्त हो गया है, सेवानिवृत्ति की तारीख से तीन मास की अवधि की समाप्ति की तारीख के बाद की तारीख से पेंशन और उपदान के बकायों के संदाय की तारीख तक ब्याज देय होगा;

(घ) ऐसे सरकारी कर्मचारी की दशा में, जिसे सेवनिवृत्ति की तारीख पर उसके विरुद्ध विभागीय या न्यायिक कार्यवाहियां लंबित होने के कारण सेवानिवृत्ति पर अनंतिम पेंशन संदाय किया गया था और सेवानिवृत्ति उपदान का संदाय नहीं किया गया था और ऐसी विभागीय या न्यायिक कार्यवाहियों की समाप्ति पर सभी आरोपों से पूर्णतः दोषमुक्त न होने के बावजूद, सक्षम प्राधिकारी पेंशन और सेवानिवृत्ति उपदान के पूर्णतः या भागतः संदाय की अनुज्ञा देने का निर्णय करता है, सक्षम प्राधिकारी द्वारा पेंशन और उपदान के संदाय का आदेश जारी किए जाने की तारीख से तीन मास की अवधि की समाप्ति के बाद की तारीख से पेंशन और उपदान के संदाय की तारीख तक ब्याज देय होगा।

(ङ.) ऐसे सरकारी कर्मचारी की दशा में, जिसे सेवनिवृत्ति की तारीख पर उसके विरुद्ध विभागीय या न्यायिक कार्यवाहियां लंबित होने के कारण सेवानिवृत्ति पर अनंतिम पेंशन संदाय किया गया था और उपदान का संदाय नहीं किया गया था और ऐसी विभागीय या न्यायिक कार्यवाहियां उसकी मृत्यु होने के परिणामस्वरूप बंद कर दी जाती है, मृत्यु की तारीख से तीन मास की अवधि की समाप्ति के बाद की तारीख से पेंशन, कुटुंब पेंशन और उपदान के बकायों के संदाय की तारीख तक ब्याज देय होगा।

जारी-

(च) जहां प्राधिकृत पेंशन की रकम में वृद्धि होने के कारण सरकारी कर्मचारी को पेंशन या उपदान की बकाया रकम अथवा परिलब्धियों के पूर्वव्यापी संशोधन अथवा पेंशन या उपदान अनुज्ञा देने से संबंधित उपबंधों में उदारीकरण के परिणामस्वरूप सेवानिवृत्ति पर संदत्त की गई उपदान की बकाया रकम देय हो जाती है, यथास्थिति, परिलब्धियों को संशोधित करने या पेंशन या उपदान की अनुज्ञा से संबंधित उपबंधों को उदार बनाने के आदेश के जारी होने की तारीख से तीन मास की अवधि की समाप्ति की तारीख से सरकारी कर्मचारी को पेंशन या उपदान की बकाया रकम, पेंशन या उपदान के बकायों के भुगतान की तारीख तक ब्याज देय होगा।

6. सभी मंत्रालयों/विभागों से अनुरोध है कि केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 के अधीन **उपदान, पेंशन और कुटुंब पेंशन के विलंबित संदाय पर ब्याज** के संबंध में उपरोक्त उपबंधों का सख्ती से अनुपालन करने हेतु, इन्हें मंत्रालय/विभाग और उसके अधीन संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालयों में पेंशन हितलाभों का निपटान करने वाले कार्मिकों के संज्ञान में लाएं।

(एस. चक्रवर्ती)
अवर सचिव, भारत सरकार

सेवा में
सभी मंत्रालय/विभाग/संगठन
(मानक सूची के अनुसार)

No. - 28/91/2022-P&PW(B)/8331
Government of India
Ministry of Personnel, Public Grievances and Pensions
Department of Pension and Pensioners' Welfare
***

3rd Floor, Lok Nayak Bhavan, Khan Market,
New Delhi, Dated the 11th October, 2022

OFFICE MEMORANDUM

Subject: Payment of Gratuity on death of a Government servant under Central Civil Services (Pension) Rules, 2021- reg.

The undersigned is directed to say that Department of Pension and Pensioners' Welfare has notified the Central Civil Services (Pension) Rules, 2021 in supersession of the Central Civil Service (Pension) Rules, 1972. Rule 65 of the Central Civil Services (Pension) Rules, 2021 deals with payment of **interest on delayed payment of gratuity, pension and family pension.**

2. As per Rule 65 of the Central Civil Services (Pension) Rules, 2021, in all cases where provisional pension or provisional family pension or provisional gratuity has not been sanctioned in accordance with those rules or where authorisation of payment of pension or family pension or gratuity has been delayed, and it is clearly established that the delay in payment was attributable to administrative reasons or lapses, interest shall be paid on arrears of pension or family pension or gratuity at the rate and in the manner as applicable to General Provident Fund amount. However, if the delay in payment was caused on account of failure on the part of the Government servant or the pensioner or the member of the family of the Government servant to comply with the procedure laid down by the Government for processing the pension or family pension case, no interest shall be payable.

3 All cases of delayed payment of pension or family pension or gratuity (including provisional pension or family pension or gratuity) in respect of employees of a Ministry or Department and the employees of its attached and subordinate offices shall be considered by the Secretary of that Ministry or Department or any other officer, not below the level of Joint Secretary to the Government of India, authorised by him for this purpose, and where the Secretary or the officer authorised by him is satisfied that the delay in the payment of pension or family pension or gratuity was caused on account of administrative reasons or lapse, payment of interest shall be authorised by him.

4. The Department or Office shall also fix the responsibility and take disciplinary action against the Government servant(s) who are found responsible for the delay on account of administrative lapses. Interest shall be paid within two months from the date on which it has been sanctioned by Secretary or the officer authorised by him without waiting for the outcome of the disciplinary proceedings, if any.

Contd.-

5. The period for which interest shall be payable for the delay in payment of pension or gratuity shall be determined in the following manner, namely:-

(a) In the case of a Government servant who retires on superannuation, interest shall be payable from the date following the date of expiry of a period of three months from the date of retirement, up to the date of payment of arrears of pension or gratuity or both;

(b) In the case of a Government servant who retires or is retired otherwise than on superannuation or is absorbed in a public sector undertaking or an autonomous body or dies during service or after retirement, interest shall be payable from the date following the date of expiry of a period of three months from the date of retirement or absorption or death, as the case may be, up to the date of payment of arrears of pension or gratuity;

(c) In the case of a Government servant to whom provisional pension was paid and retirement gratuity was not paid on retirement on account of departmental or judicial proceedings pending against him on the date of retirement and who is exonerated of all charges on conclusion of such departmental or judicial proceedings, interest shall be payable on retirement gratuity and arrears of pension, if any, from the date following the date of expiry of a period of three months from the date of retirement up to the date of payment of arrears of pension and gratuity;

(d) In the case of a Government servant to whom provisional pension was paid and retirement gratuity was not paid on retirement on account of departmental or judicial proceedings pending against him on the date of retirement and despite him not having been fully exonerated of all charges on conclusion of such departmental or judicial proceedings, the competent authority decides to allow payment of pension and retirement gratuity, either in full or in part, interest shall be payable on retirement gratuity and arrears of pension, if any, from the date of expiry of a period of three months from the date on which the order for payment of pension and gratuity is issued by the competent authority up to the date of payment of pension and gratuity.

(e) In the case of a Government servant to whom provisional pension was paid and gratuity was not paid on retirement on account of departmental or judicial proceedings pending against him on the date of retirement and such departmental or judicial proceedings are dropped consequent on his death, interest shall be payable on arrears of pension, family pension and gratuity from the date of expiry of a period of three months from the date of death up to the date of payment of such arrears of pension, family pension and gratuity.

Contd.

(f) Where arrears of pension or gratuity become payable to a Government servant on account of enhancement of the amount of pension authorised or the amount of gratuity paid on retirement consequent on retrospective revision of emoluments or liberalisation in the provisions relating to grant of pension or gratuity, interest shall be payable on arrears of pension or gratuity to the Government servant from the date of expiry of a period of three months from the date of issue of the order revising the emoluments or liberalising the provisions relating to grant of pension or gratuity, as the case may be, up to the date of payment of arrears of pension or gratuity.

6. All Ministries/Departments are requested that the above provisions regarding payment of **interest on delayed payment of gratuity, pension and family pension** under Central Civil Services (Pension) Rules, 2021 may be brought to the notice of the personnel dealing with the pensionary benefits in the Ministry/Department and attached/subordinate offices thereunder, for strict implementation.

(S. Chakrabarti)
Under Secretary to the Govt. of India

To
All Ministries/Departments/Organisations,
(As per standard list)

फा. सं.3/6/2021-पी&पीडब्ल्यू(एफ)

भारत सरकार

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय

पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग

तृतीय तल, लोक नायक भवन
खान मार्केट, नई दिल्ली-110 003
दिनांक: 11.10.2022

कार्यालय ज्ञापन

विषय:- वित्तीय वर्ष में सामान्य भविष्य निधि (जीपीएफ) में अंशदान पर 5 लाख रुपये की अधिकतम सीमा से संबंधित।

सामान्य भविष्य निधि (केंद्रीय सेवा) नियमावली, 1960 के अनुसार, किसी अंशदाता की बाबतसामान्य भविष्य निधि की अंशदान राशि, परिलब्धियों के 6% से कम नहीं होगी और अंशदाता की कुल परिलब्धियों से अधिक नहीं होनी चाहिए। तथापि, किसी वित्तीय वर्ष में किसी अंशदाता के अपने सामान्य भविष्य निधि खाते में किए अंशदान की कुल राशि की कोई सीमा नहीं थी।

2. सामान्य भविष्य निधि (केंद्रीय सेवा) नियमावली, 1960 के नियम 7, 8 और 10 को दिनांक 15.06.2022 कीअधिसूचना संख्या जी.एस.आर. 96 द्वारा संशोधित किया गया है।दिनांक 15.06.2022 की उक्त अधिसूचना के अनुसार, किसी वित्तीय वर्ष के दौरान जीपीएफ के तहत किसी अंशदाता द्वारा किए गए मासिक अंशदान की राशि, उस वित्तीय वर्ष में जमा की गई बकाया अंशदान की राशि सहित, आयकर नियम, 1962 के नियम 9घ के उपनियम(2) के नीचे दिए गए स्पष्टीकरण के खंड(ग) के उपखंड(i) में संदर्भित सीमा, (वर्तमान में पांच लाख रुपये)से अधिक नहीं होगी [वित्त मंत्रालय, राजस्व विभाग (केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के दिनांक 31.08.2021 की अधिसूचना संख्या जी.एस.आर. 604(ग)द्वारा यथाअंतस्थापित]।

3. सभी मंत्रालयों/विभागों से अनुरोध है कि किसी वित्तीय वर्ष में जीपीएफ के तहत अंशदान की सीमा के संबंध में सामान्य भविष्य निधि नियमावली, 1960 के उक्त संशोधित उपबंधों का सभी सरकारी कर्मचारियों में व्यापक प्रचार किया जाए और इनका सख्ती से अनुपालन करने हेतु, इन्हें विशेष रूप से मंत्रालय/विभाग और उसके अधीन संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालयों में सामान्य भविष्य निधि का निपटान करने वाले कार्मिकों के संज्ञान में लाएं।

विशाल

(विशाल कुमार)
अवर सचिव, भारत सरकार

सभी मंत्रालय/विभाग/संगठन
(मानक सूची के अनुसार)

F.No. 3/6/2021-P&PW (F)
Government of India
Ministry of Personnel, PG & Pensions
Department of Pension & Pensioners' Welfare

3rd Floor, Lok Nayak Bhawan
Khan Market, New Delhi-110 003
dated: 11.10.2022

Office Memorandum

Subject:- Ceiling of Rs. 5 Lakh on subscription to General Provident Fund (GPF) in a financial year- regarding.

In accordance with General Provident Fund (Central Service) Rules, 1960, the amount of subscription to the GPF in respect of a subscriber, shall not be less than 6% of the emoluments and not more than total emoluments of the subscriber. However, there was no ceiling on the total amount of subscription of a subscriber into his GPF account in a financial year.

2. Rules 7, 8 & 10 of the General Provident Fund (Central Service) Rules, 1960 have been amended vide Notification No. G.S.R. 96 dated 15.06.2022. As per the said Notification dated 15.06.2022, the sum of the monthly subscription by a subscriber under the GPF during a financial years together with the amount of arrear subscriptions deposited in that financial year shall not exceed the threshold limit (at present Rupees Five Lakh) referred to in sub clause (i) of clause (c) of the Explanation below sub rule (2) of the rule 9D of the Income Tax Rules, 1962 [as inserted vide Notification No. G.S.R. 604 (E) dated 31.08.2021 of Ministry of Finance, Department of Revenue (Central Board of Direct Taxes)].

3. All Ministries/Departments are requested that the above amended provisions of the GPF Rules, 1960 regarding limit of subscription under GPF in a financial year by a subscriber may be given wide publicity to all Government servants and, more particularly, to the personnel dealing with the GPF matters in the Ministry/Department and attached/subordinate offices there-under, for strict implementation.

(Vishal Kumar)
Under Secretary to the Govt of India

All Ministries/Departments/Organisations
(as per standard list)

सं. 42/15/2022-पी&पीडब्लू(डी)/1

भारत सरकार

कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय

पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग

तीसरा तल, लोकनायक भवन
खान मार्किट, नई दिल्ली-110003
दिनांक:- 25 अक्तूबर, 2022

कार्यालय ज्ञापन

विषय:- मूल बेसिक पेंशन पर देय महंगाई राहत के संबंध में स्पष्टीकरण- संबंधी

केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 के नियम 52 के अनुसार, नियम 41 के अधीन अनुकंपा भत्ता आहरित करने वाले व्यक्तियों सहित पेंशनभोगियों और कुटुंब पेंशनभोगियों को मूल्य वृद्धि के सापेक्ष पेंशन और कुटुंब पेंशन पर महंगाई राहत, ऐसी दरों पर और ऐसी शर्तों के अधीन जैसा कि केंद्रीय सरकार समय-समय पर विनिर्दिष्ट करे, महंगाई राहत के रूप में दी जाती है।

2. इस विभाग में यह स्पष्टीकरण मांगते हुए संदर्भ/अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं कि क्या महंगाई राहत मूल बेसिक पेंशन पर देय है या संराशीकरण के पश्चात घटाई गई पेंशन पर भी देय है। यह स्पष्ट किया जाता है कि महंगाई राहत संराशीकरण से पूर्व मूल बेसिक पेंशन पर या वेतन आयोग इत्यादि की सिफ़ारिशों के कार्यान्वयन पर संशोधित किए गए संराशीकरण से पूर्व मूल बेसिक पेंशन पर देय है और संराशीकृत पेंशन की कटौती के पश्चात घटाई गई पेंशन पर देय नहीं है।

च तनेजा

(चरनजीत तनेजा)
अवर सचिव

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग (मानक वितरण सूची के अनुसार)
2. भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक, यूपीएससी, इत्यादि मानक वितरण सूची के अनुसार

No. 42/15/2022-P&PW(D)/1
Government of India
Ministry of Personnel, P.G. & Pensions
Department of Pension & Pensioners' Welfare

3rd Floor, Lok Nayak Bhawan,
Khan Market, New Delhi-110003
Date:- 25th Oct, 2022

OFFICE MEMORANDUM

Sub:- Clarification regarding Dearness Relief payable on Original Basic Pension -reg

In accordance with Rule 52 of CCS (Pension) Rules, 2021, Dearness Relief on Pension and Family Pension against price rise is granted to Pensioners including the persons drawing compassionate allowance under Rule 41 and Family Pensioners at such rates and subject to such conditions as the Central Government may specify from time to time.

2. References/Representations have been received in this Department seeking clarification whether the Dearness Relief is payable on original basic pension or on pension as reduced after commutation. It is clarified that dearness relief is payable on the original basic pension before commutation or such basic pension before commutation as revised on implementation of recommendations of Pay Commission etc. and not on the pension as reduced after deduction of commuted pension.

(Charanjit Taneja)
Under Secretary

1. All Ministries/Departments of the Government of India (as per standard distribution list).
2. C&AG of India, UPSC, etc. as per standard endorsement list.

सं. 42/15/2022-पी&पीडब्लू (डी)/2

भारत सरकार

कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय

पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग

तीसरा तल, लोकनायक भवन

खान मार्किट, नई दिल्ली-110003

दिनांक:- 25 अक्तूबर, 2022

कार्यालय ज्ञापन

विषय:- ऐसा सरकारी कर्मचारी जिसकी जन्म तिथि किसी माह की पहली तारीख है और जो पिछले माह के अंतिम दिन अपराह्न में सेवानिवृत्त होता है, के लिए संराशीकृत मूल्य के संबंध में स्पष्टीकरण।

मूल नियम [एफआर-56(क)] के परंतुक के अनुसार, ऐसा सरकारी कर्मचारी जिसकी जन्म तिथि किसी माह की पहली तारीख है, पिछले माह के अंतिम दिन अपराह्न में सेवा से सेवानिवृत्त हो जाएगा।

2. इस विभाग में इस संबंध में स्पष्टीकरण मांगते हुए संदर्भ/अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं कि ऐसे मामलों में जहां सरकारी कर्मचारी की जन्म तिथि किसी माह की पहली तारीख है और जो पिछले माह के अंतिम दिन अपराह्न में सेवानिवृत्त होता, कौन-सा संराशीकरण मूल्य लिया जाए।

3. ऐसे मामलों में, पेंशन सेवानिवृत्ति की तारीख के अगले दिन से देय हो जाती है। इसके अलावा, केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन संराशीकरण) नियमावली के नियम 6(1)(i-क) के अनुसार, पेंशन का संराशीकरण सेवानिवृत्ति की तारीख के अगले दिन पूर्ण हो जाएगा। अतः सेवानिवृत्त होने वाला सरकारी कर्मचारी अपनी सेवानिवृत्ति की तारीख के अगले दिन पेंशन के संराशीकरण के लिए पात्र होगा और वर्ष की संख्या के रूप में अभिव्यक्त संराशीकरण मूल्य अगले जन्मदिन की आयु पर क्रय किया जाएगा।

4. तदनुसार, ऐसे सरकारी कर्मचारियों के मामले में जो 60 वर्ष की आयु प्राप्त करने पर सेवानिवृत्त होते हैं, अगले जन्मदिन पर आयु 61 वर्ष होगी, जिसमें ऐसे मामले भी शामिल हैं जहां जन्म तिथि किसी महीने की पहली तारीख है और सरकारी कर्मचारी पिछले माह के अंतिम दिन अपराह्न को सेवानिवृत्त होता है। अतः ऐसे मामलों में 61 वर्ष (अर्थात अगले जन्मदिन पर आयु) का संराशीकरण मूल्य लागू होगा।

च तनेजा

(चरनजीत तनेजा)

अवर सचिव

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग (मानक वितरण सूची के अनुसार)
2. भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक, यूपीएससी, इत्यादि मानक वितरण सूची के अनुसार

No. 42/15/2022-P&PW(D)/2
Government of India
Ministry of Personnel, P.G. & Pensions
Department of Pension & Pensioners' Welfare

3rd Floor, Lok Nayak Bhawan,
Khan Market, New Delhi-110003
Date:- 25th Oct, 2022

OFFICE MEMORANDUM

Subject:- Clarification regarding commutation value for Government servant whose date of birth is the first of a month and who retires on the afternoon of the last day of the preceding month-reg

In accordance with proviso to Fundamental Rule [FR-56(a)], a Government servant whose date of birth is the first of a month shall retire from service on the afternoon of the last day of the preceding month.

2. References/Representations have been received in this Department seeking clarification as to which commutation value is to be taken in cases where a Government servant whose date of birth is first of a month and who retires from service on the afternoon of the last day of the preceding month.

3. In such cases, pension becomes due from the day following the date of retirement. Further, as per Rule 6(1)(i-a) of CCS(Commutation of Pension) Rules, the commutation of pension shall become absolute on the day following the date of retirement. Therefore, the retiring Government servant will be eligible for commutation of pension on the day following the date of his retirement and the commutation value expressed as number of year's purchase will be age on next birthday.

4. Accordingly, in the case of such Government servants who retire on attaining the age of 60 years, the age next birthday will be 61 years, including in cases where the date of birth is first of a month and the Government servant retires on the afternoon of the last day of the preceding month. Therefore, the commutation value of 61 years (i.e age on next birthday) will be applicable in this case.

(Charanjit Taneja)
Under Secretary

1. All Ministries/Departments of the Government of India (as per standard distribution list).
2. C&AG of India, UPSC, etc. as per standard endorsement list.

सं. 42/15/2022-पी&पीडब्लू(डी)/3

भारत सरकार

कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय

पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग

तीसरा तल, लोकनायक भवन
खान मार्किट, नई दिल्ली-110003
दिनांक:- 25 अक्तूबर, 2022

कार्यालय ज्ञापन

विषय:- सेवानिवृत्ति के पश्चात संराशीकरण के लिए ली जाने वाली पेंशन के संबंध में स्पष्टीकरण।

केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन संराशीकरण) नियमावली, 1981 के नियम 5 के अनुसार, सरकारी कर्मचारी अपनी पेंशन के अधिक से अधिक 40 प्रतिशत रकम के एकमुश्त संदाय के लिए संराशीकरण करा सकता है।

2. प्राय: यह स्पष्टीकरण मांगा जाता है कि किस पेंशन अर्थात सेवानिवृत्ति के समय अधिकृत पेंशन या तत्पश्चात संशोधित पेंशन और संराशीकरण के लागू होने पर देय पेंशन, को संराशीकृत कराने की अनुमति दी जाएगी।

3. केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन संराशीकरण) नियमावली, 1981 के नियम 10 के अनुसार, ऐसे आवेदक को, जिसने अपनी अंतिम पेंशन का कोई प्रतिशत संराशीकृत किया है और संराशीकरण के पश्चात उसकी पेंशन सरकारी विनिश्चय के परिणामस्वरूप भूतलक्षी प्रभाव से पुनरीक्षित की गई है और बढ़ा दी गई है, बढ़ी हुई पेंशन के प्रति निर्देश से अवधारित संराशीकृत मूल्य और पहले से अधिकृत संराशीकृत मूल्य के बीच के अंतर का संदाय किया जाएगा। अंतर के संदाय के लिए आवेदक से नए सिरे से आवेदन करने की अपेक्षा नहीं की जाएगी।

4. इस विभाग के दिनांक 24.10.2016 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 42/14/2016-पी&पीडब्लू(जी) में यह प्रावधान है कि वे पेंशनभोगी. जो दिनांक 01.01.2016 से 04.08.2016 तक अर्थात 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों के आधार पर संशोधित वेतन/पेंशन के लिए आदेश जारी करने की तिथि से सेवानिवृत्त हुए हैं, को 7वें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों के कार्यान्वयन पर वेतन/पेंशन के संशोधन पर अतिरिक्त रूप से संराशीकृत पेंशन का संराशीकरण नहीं करने के लिए केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन संराशीकरण) नियमावली, 1981 के नियम 10 में छूट देने का विकल्प दिया जा सकता है। जिन मामलों में 7वें वेतन आयोग के बाद अतिरिक्त पेंशन पहले ही संराशीकृत कर दी गई है, उन पर दोबारा कार्रवाई नहीं की जाएगी।

5. ऐसे मामलों में जहां पेंशन दिनांक 01.01.2016 से पूर्व सेवानिवृत्त होने पर अधिकृत की गई थी और पेंशनभोगी ने दिनांक 01.01.2016 को या उसके पश्चात संराशीकरण के लिए आवेदन किया था, पेंशन जो मूल रूप से सेवानिवृत्ति के समय संस्वीकृत की गई थी, को ही संराशीकृत कराने की अनुमति दी जाएगी।

च तनेजा

(चरनजीत तनेजा)
अवर सचिव

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग (मानक वितरण सूची के अनुसार)
2. भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक, यूपीएससी, इत्यादि मानक वितरण सूची के अनुसार

No.42/15/2022-P&PW(D)/3
Government of India
Ministry of Personnel, P.G. & Pensions
Department of Pension & Pensioners' Welfare

3rd Floor, Lok Nayak Bhawan,
Khan Market, New Delhi-110003
Date:- 25th Oct, 2022

OFFICE MEMORANDUM

Subject:- Clarification regarding pension to be taken for commutation after retirement-reg

In accordance with Rule 5 of CCS (Commutation of Pension) Rules, 1981, a Government servant can commute for a lump-sum payment of an amount not exceeding 40 per cent of his pension.

2. Doubts have been raised as to which pension i.e pension authorized at the time of retirement or the pension revised subsequently and payable at the time of application for commutation shall be allowed to be commuted.

3. As per Rule 10 of CCS (Commutation of Pension) Rules, 1981, an applicant who has commuted a percentage of his final pension and after commutation his pension has been revised and enhanced retrospectively as a result of Government's decision, the applicant shall be paid the difference between the commuted value determined with reference to enhanced pension and the commuted value already authorized. For the payment of difference, the applicant shall not be required to apply afresh.

4. This Department's OM No. 42/14/2016-P&PW (G) dated 24.10.2016 provides that those pensioners who retired from 01.01.2016 till 04.08.2016 i.e the date of issue of orders for revised pay/pension based on the recommendations of the 7th CPC may be given an option, in relaxation of Rule 10 of CCS (Commutation of Pension), Rules, 1981, not to commute the pension which has become additionally commutable on revision of pay/pension on implementation of recommendations of the 7th CPC. The cases where the additional pension after 7th CPC has already been commuted will not be re-opened.

5. In cases where the pension was authorized on retirement before 01.01.2016 and the pensioner applied for commutation on or after 01.01.2016, the pension which was originally sanctioned at the time of retirement only shall be allowed to be commuted.

(Charanjit Taneja)
Under Secretary

1. All Ministries/Departments of the Government of India (as per standard distribution list).
2. C&AG of India, UPSC, etc. as per standard endorsement list.

सं. 42/15/2022-पी&पीडब्लू(डी)/4

भारत सरकार

कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय

पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग

तीसरा तल, लोकनायक भवन

खान मार्किट, नई दिल्ली-110003

दिनांक:- 25 अक्तूबर, 2022

कार्यालय ज्ञापन

विषय:- वेतन आयोग आदि की सिफ़ारिशों के कार्यान्वयन में संशोधित पेंशन से संराशीकृत पेंशन की कटौती।

केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन संराशीकरण) नियमावली, 1981 के नियम 5 के अनुसार, सरकारी कर्मचारी अपनी पेंशन के अधिक से अधिक 40 प्रतिशत रकम के एकमुश्त संदाय के लिए संराशीकरण करा सकता है।

2. इस प्रकार संराशीकृत पेंशन की राशि की कटौती उत्तरवर्ती मासिक पेंशनों से की जाती है। इस विभाग में संदर्भ प्राप्त हुए हैं कि ऐसे मामलों में पेंशन से कितनी राशि की कटौती की जाएगी जहां वेतन आयोग की सिफारिशों के कार्यान्वयन होने पर पेंशन को संशोधित किया जाता है, आदि।

3. यह स्पष्ट किया जाता है कि ऐसे मामलों में, बाद में पेंशन का केवल वह हिस्सा/राशि जिसे मूल रूप से संराशीकृत किया गया था, संशोधित पेंशन से काटा जाएगा।

च तनेजा

(चरनजीत तनेजा)

अवर सचिव

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग (मानक वितरण सूची के अनुसार)
2. भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक, यूपीएससी, इत्यादि मानक वितरण सूची के अनुसार

No. 42/15/2022-P&PW(D)/4
Government of India
Ministry of Personnel, P.G. & Pensions
Department of Pension & Pensioners' Welfare

3rd Floor, Lok Nayak Bhawan,
Khan Market, New Delhi-110003
Date:- 25th Oct, 2022

OFFICE MEMORANDUM

Sub:- Deduction of commuted pension from the pension revised in implementation of recommendations of Pay Commission etc.

In accordance with Rule 5 of CCS (Commutation of Pension) Rules, 1981 a Government servant can commute for a lump-sum payment of an amount not exceeding 40 per cent of his pension.

2. The amount of pension so commuted is deducted from subsequent monthly pensions. References have been received in this Department as to what amount shall be deducted from pension in cases where the pension is subsequently revised on implementation of recommendations of Pay Commission, etc.

3. It is clarified that in such cases, the portion/amount of pension which was originally commuted shall only be deducted from the revised pension.

(Charanjit Taneja)
Under Secretary

1. All Ministries/Departments of the Government of India (as per standard distribution list).
2. C&AG of India, UPSC, etc. as per standard endorsement list.

सं.42/15/2022-पी&पीडब्लू(डी)/5

भारत सरकार

कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय

पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग

तीसरा तल, लोकनायक भवन

खान मार्किट, नई दिल्ली-110003

दिनांक:- 25 अक्तूबर, 2022

कार्यालय ज्ञापन

विषय:- संराशीकृत पेंशन की बहाली से पूर्व किसी पेंशनभोगी की मृत्यु हो जाने की दशा में, शेष अवधि के लिए कुटुंब पेंशन से संराशीकरण के लिए कटौती किया जाना, के संबंध में स्पष्टीकरण-संबंधी।

केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन संराशीकरण) नियमावली, 1981 के नियम 5 के अनुसार, सरकारी कर्मचारी अपनी पेंशन के अधिक से अधिक 40 प्रतिशत रकम के एकमुश्त संदाय के लिए संराशीकरण करा सकता है। इसके अलावा, केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन संराशीकरण) नियमावली, 1981 के नियम 10-क के अनुसार, नियम 6 के अनुसार संराशीकरण के कारण पेंशन घटने की तारीख से पंद्रह वर्ष पूरे होने पर पेंशन की संराशीकृत राशि बहाल की जाएगी।

2. इस विभाग में स्पष्टीकरण मांगते हुए संदर्भ/अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं कि क्या संराशीकृत पेंशन की बहाली से पूर्व किसी पेंशनभोगी की मृत्यु होने पर शेष अवधि के लिए कुटुंब पेंशन से संराशीकरण के लिए कटौती की जानी चाहिए।

3. यह स्पष्ट किया जाता है कि ऐसे मामलों में पेंशन की मासिक संराशीकृत राशि को कुटुंब पेंशन से काटने की आवश्यकता नहीं है और इस संबंध में बिना किसी कटौती के पूरी कुटुंब पेंशन का संदाय किया जाएगा।

च तनेजा

(चरनजीत तनेजा)

अवर सचिव

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग (मानक वितरण सूची के अनुसार)
2. भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक, यूपीएससी, इत्यादि मानक वितरण सूची के अनुसार

No. 42/15/2022-P&PW(D)/5
Government of India
Ministry of Personnel, P.G. & Pensions
Department of Pension & Pensioners' Welfare

3rd Floor, Lok Nayak Bhawan,
Khan Market, New Delhi-110003
Date:- 25th Oct, 2022

OFFICE MEMORANDUM

Sub:- Clarification regarding whether deductions towards commutation are required to be made from family pension for the remaining period in cases where the pensioner dies before the restoration of commuted pension-reg

In accordance with Rule 5 of CCS (Commutation of Pension) Rules, 1981, a Government servant can commute for a lump-sum payment of an amount not exceeding 40 per cent of his pension. Further, in accordance with Rule 10-A of CCS (Commutation of Pension) Rules, 1981 the commuted amount of the pension shall be restored on completion of fifteen years from the date of reduction of pension on account of commutation becomes operative in accordance with Rule 6.

2. References/representations have been received in this Department seeking clarification whether deduction towards commutation are required to be made from family pension for the remaining period in cases where the pensioner dies before the restoration of commuted pension.

3. It is clarified that in such cases monthly commuted amount of pension is not required to be deducted from family pension and family pension shall be paid in full without any deduction in this regard.

(Charanjit Taneja)
Under Secretary

1. All Ministries/Departments of the Government of India (as per standard distribution list).
2. C&AG of India, UPSC, etc. as per standard endorsement list.

सं.-57/03/2022-पी&पीडब्ल्यू(बी)/8361

भारत सरकार

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय

पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग

***

तीसरा तल, लोकनायक भवन,
खान मार्केट, नई दिल्ली-110003
दिनांक: 25 अक्तूबर, 2022

कार्यालय ज्ञापन

विषयः राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अंतर्गत कवर किए गए केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों की बाबत राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अधीन अनिवार्य अंशदान अवधारित करने के लिए परिलब्धियां।

अधोहस्ताक्षरी को यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अंतर्गत कवर किए गए केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों की सेवा संबंधी मामलों को शासित करने के लिए केंद्रीय सिविल सेवा (राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली का कार्यान्वयन) नियमावली, 2021 को अधिसूचित किया है। इन नियमों का नियम 5 राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अंतर्गत कर्मचारियों सहित सरकार से अनिवार्य अंशदान की राशि का अवधारण करने के प्रयोजनार्थ परिलब्धियों से संबंधित है।

2. केंद्रीय सिविल सेवा (राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली का कार्यान्वयन) नियमावली, 2021 के नियम 5 के अनुसार, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के तहत अनिवार्य अंशदान की राशि अवधारण करने के प्रयोजनार्थ अभिव्यक्ति 'परिलब्धियों' में मूल नियम, 1922 के नियम 9(21)(क)(i) में यथापरिभाषित, किसी मास में मूल वेतन, चिकित्सा अधिकारी को देय निजी अभ्यास के बदले में गैर-अभ्यास भता और स्वीकार्य महंगाई भत्ता सहित शामिल है।

3. अभिदाता की छुट्टी के दौरान, परिलब्धियां निम्नानुसार अवधारित की जाएंगी:

(i) यदि कोई अभिदाता ड्यूटी से अनुपस्थित, छुट्टी पर था, जिसके लिए छुट्टी वेतन देय है, तो परिलब्धियों के लिए छुट्टी के दौरान वास्तव में आहरित अवकाश वेतन और महंगाई भत्ते के राशि को ध्यान में रखा जाएगा। परिलब्धियों के लिए छुट्टी के दौरान

जारी-

वास्तव में आहरित वेतन, गैर-अभ्यास भत्ता और महंगाई भत्ता की राशि को हिसाब में लिया जाएगा।

(ii) यदि कोई अभिदाता किसी कैलेंडर मास के पुरे या किसी भाग के दौरान ड्यूटी से अनुपस्थित या असाधारण छुट्टी पर था, तो छुट्टी वेतन में उसका वेतन वेतन को दर्शाने वाली राशि, गैर-अभ्यास भत्ता और महंगाई भत्ता जो उसने मास के उस भाग के लिए वास्तव में आहरित किया, जिसके दौरान वह ड्यूटी पर था या छुट्टी पर था, जिसके लिए छुट्टी वेतन देय है, परिलब्धियों के रूप में गणना किया जाएगा।

(iii) उन मामलों में जहां अभिदाता को चिकित्सीय आधार पर या नागरिक उपद्रव के कारण कार्यग्रहण करने या पुनःकार्यग्रहण करने में असमर्थता के कारण; या अपने आधिकारिक कर्तव्य के निर्वहन में उपयोगी समझे जाने वाले उच्च अध्ययन के लिए, छुट्टी दी जाती है और ऐसे छुट्टी के दौरान, छुट्टी वेतन देय नहीं है या ऐसी दर पर देय है, जो पूर्ण वेतन से कम है, तो सरकार नोशनल परिलब्धि, जिसमें छुट्टी वेतन और महंगाई भत्ता, गैर-अभ्यास भत्ता सम्मिलित हैं, के आधार पर अंशदान करेगी।

4. यदि कोई अभिदाता निलंबन के अधीन था, तो उस कैलेंडर माह में निलंबन की अवधि के दौरान आहरित किए गए निर्वहन भत्ते को इस नियम के प्रयोजनार्थ परिलब्धियों के लिए गणना में लिया जाएगा।

5. भारत में प्रतिनियुक्ति के दौरान अभिदाता द्वारा आहरित वेतन को परिलब्धियों के लिए गणना में लिया जाएगा। तथापि, विदेश सेवा या भारत के बाहर प्रतिनियुक्ति पर किसी अभिदाता के मामले में, वह वेतन जो वह सरकार के अधीन प्राप्त करता, यदि वह विदेश सेवा या इस तरह की प्रतिनियुक्ति पर न होता, तो उसे परिलब्धियों के लिए गणना में लिया जाएगा।

6. ऐसे सेवानिवृत्त अभिदाता, जिसे सरकारी सेवा में पुनः नियोजित किया गया है और जिस पर ये नियम लागू होते हैं और जिसके पुनर्नियोजन पर वेतन उसकी मासिक पेंशन से अनधिक राशि कम कर दिया गया है, मासिक पेंशन का वह तत्व जो उसके वेतन से कम कर दिया गया था, परिलब्धियों में शामिल किया जाएगा।

7. सभी मंत्रालयों/विभागों से अनुरोध है कि राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अंतर्गत कवर किए गए केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों की बाबत राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अधीन अनिवार्य अंशदान अवधारित करने के लिए परिलब्धियों के संबंध में उपरोक्त उपबंधों का सख्ती से

जारी-

अनुपालन करने हेतु, इन्हें मंत्रालय/विभाग और उसके अधीन संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालयों में राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली संबंधी मामलों का निपटान करने वाले कार्मिकों के संज्ञान में लाएं।

(एस. चक्रवर्ती)
अवर सचिव, भारत सरकार

सेवा में
सभी मंत्रालय/विभाग/संगठन
(मानक सूची के अनुसार)

No. - 57/03/2022-P&PW(B)/8361
Government of India
Ministry of Personnel, Public Grievances and Pensions
Department of Pension and Pensioners' Welfare
***

3rd Floor, Lok Nayak Bhavan, Khan Market,
New Delhi, Dated the 25th October, 2022

OFFICE MEMORANDUM

Subject: Emoluments for determining mandatory contributions under National Pension System in respect to Central Government employees covered under NPS.

The undersigned is directed to say that Department of Pension and Pensioners' Welfare has notified the Central Civil Services (Implementation of National Pension System) Rules, 2021 to govern service related matters of Central Government civil employees covered under National Pension System. Rule 5 of these rules deals with emoluments for the purpose of determining the amount of mandatory contributions from employees as well as from Government under National Pension System.

2. In accordance with rule 5 of the Central Civil Services (Implementation of National Pension System) Rules, 2021, the expression `emoluments' for the purpose of determining the amount of mandatory contribution under the National Pension System includes basic pay as defined in rule 9 (21) (a) (i) of the Fundamental Rules, 1922, non-practicing allowance granted to medical officer in lieu of private practice and admissible dearness allowance in a calendar month.

3. During leave of subscriber, the emoluments shall be determined as under:

(i) If a Subscriber had been absent from duty on leave for which leave salary is payable, the amount representing pay and dearness allowance in the leave salary actually drawn shall be taken into account for emoluments. The amount of pay, non-practicing allowance and dearness allowance, actually drawn during leave shall be taken into account as emoluments.

(ii) If a Subscriber had been absent from duty or was on extraordinary leave, during whole or part of a calendar month, the pay or the amount representing pay, non-practicing allowance and dearness allowance in the leave salary which he actually drew for the part of that calendar month during which he was on duty or was on leave for which leave salary is payable, shall be taken into account for emoluments.

(iii) In cases where the leave is granted to the Subscriber on medical ground or due to his inability to join or rejoin duty on account of civil commotion; or for pursuing higher studies considered useful in discharge of his official duty, and during such leave, leave salary is not payable or is payable at a rate which is less than full pay, the Government shall make contribution on the basis of notional emoluments comprising

Contd.

the amount representing pay and dearness allowance in the leave salary and non-practicing allowance.

4. If a Subscriber had been under suspension, the subsistence allowance drawn during the period of suspension in a calendar month shall be taken into account for emoluments.

5. Pay drawn by a Subscriber while on deputation in India shall be taken into account for emoluments. However, in the case of a Subscriber on foreign service or deputation outside India, the pay which he would have drawn under the Government had he not been on foreign service or such deputation, shall be taken into account for emoluments.

6. Where a retired Subscriber, who is re-employed in Government service and to whom these rules are applicable and whose pay on re-employment has been reduced by an amount not exceeding his monthly pension, the element of monthly pension by which his pay is reduced shall be included in emoluments.

7. All Ministries/Departments are requested that the above provisions regarding emoluments for determining mandatory contributions under National Pension System for Central Government employees may be brought to the notice of the personnel dealing with the NPS matters of employees in the Ministry/Department and attached/subordinate offices thereunder, for strict implementation.

(S. Chakrabarti)
Under Secretary to the Govt. of India

To
All Ministries/Departments/Organisations,
(As per standard list)

फा. सं.38/01(05)/2022-पी&पीडब्ल्यू(ए)

भारत सरकार

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय

पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग

तृतीय तल, लोकनायक भवन,
खान मार्केट, नई दिल्ली-110003

दिनांक: 26.10.2022

<u>कार्यालय ज्ञापन</u>

विषय: केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 के अधीन सेवाकाल के दौरान गंभीर अवचार या उपेक्षा का दोषी होने की दशा में पेंशन/उपदान को रोकने या प्रत्याहृत करने का अधिकार।

अधोहस्ताक्षरी को यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 1972 का नियम 8 को दिनांक 07.02.2022 की अधिसूचना सं. सा.का.नि 770(अ) द्वारा संशोधित किया गया है। पूर्ववर्ती केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 1972 के नियम 8 के अनुसार, राष्ट्रपति, सभी मामलों में, पेंशन/उपदान को रोकने/प्रत्याहृत करने का अधिकार, उस दशा में अपने पास आरक्षित रखते थे, जब किसी विभागीय या न्यायिक कार्यवाहियों में पेंशनभोगी के बारे में यह पाया जाए कि वह अपने सेवाकाल में, जिसके अंतर्गत सेवानिवृत्ति के पश्चात पुनर्नियोजन करने पर की गई सेवा भी है, गंभीर अवचार या उपेक्षा का दोषी रहा है।

2. संशोधित नियम 8 के अनुसार, राष्ट्रपति का अनुमोदन केवल ऐसे पेंशनभोगी के पेंशन या उपदान को रोकने/प्रत्याहृत करने का आदेश करने के लिए अपेक्षित होगा, जो ऐसे किसी पद से सेवानिवृत्त हुआ जिसका नियुक्ति प्राधिकारी राष्ट्रपति है, और अन्य मामलों में, प्रशासनिक मंत्रालय या विभाग के सचिव पेंशन या उपदान को रोकने/प्रत्याहृत करने के आदेश के लिए सक्षम होगा, जब किसी विभागीय या न्यायिक कार्यवाहियों में पेंशनभोगी के बारे में यह पाया जाए कि वह अपने सेवाकाल में गंभीर अवचार या उपेक्षा का दोषी रहा है। इसी प्रकार, ऐसा पेंशनभोगी जो भारतीय लेखापरीक्षा और लेखा विभाग जिसके लिए राष्ट्रपति के अधीनस्थ प्राधिकारी, नियुक्ति प्राधिकारी है, से सेवानिवृत्त हुआ, के मामले में भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक पेंशन या उपदान को रोकने/प्रत्याहृत करने के आदेश करने के लिए सक्षम होगा। ऐसे मामलों में जहां राष्ट्रपति नियुक्ति प्राधिकारी नहीं है वहां यूपीएससी के साथ परामर्श करना आवश्यक नहीं होगा।

3. संशोधित नियम 8(6क) में राष्ट्रपति के अलावा किसी प्राधिकारी के आदेश के विरुद्ध अपील करने का उपबंध किया गया है। राष्ट्रपति द्वारा किए गए आदेशों का पुनरीक्षण/समीक्षा करने के उपबंध क्रमश: नियम 8(7) और नियम 8(8) में किए गए हैं।

4. सभी मंत्रालयों/विभागों से अनुरोध है कि जहां पेंशनभोगी अपने सेवाकाल में गंभीर अवचार या उपेक्षा का दोषी पाया जाए, उस दशा में पेंशन/उपदान को रोकने या प्रत्याहृत करने के अधिकार से संबंधित उपर्युक्त संशोधित उपबंधों का सख्ती से अनुपालन करने हेतु इन्हें पेंशन हितलाभों का निपटान करने वाले कार्मिकों के संज्ञान में लाएं।

(आर.सी.सेठी)
उप सचिव, भारत सरकार
दूरभाष: 24635979

सेवा में,
सभी मंत्रालय/विभाग/संगठन (मानक सूची के अनुसार)

F. No. 38/01(05)/2022-P&PW(A)
Government of India
Ministry of Personnel, PG & Pensions
Department of Pension & Pensioners' Welfare

3rd Floor, Lok Nayak Bhawan
Khan Market, New Delhi-110 003
Dated: 26.10.2022

Office Memorandum

Subject: Power to withhold or withdraw pension/gratuity in cases of grave misconduct or negligence during the period of service under the Central Civil Services (Pension) Rules, 2021.

The undersigned is directed to say that Rule 8 of the CCS (Pension) Rules, 2021 has been amended vide Notification No. GSR 770(E) dated 07.10.2022. As per earlier Rule 8 of the CCS (Pension) Rules, 2021, the President had the power, in all cases, to withhold/withdraw a pension/gratuity, if in any departmental or judicial proceedings, the pensioner was found guilty of grave misconduct or negligence during the period of service, including service rendered upon re-employment after retirement.

2. As per the amended Rule 8, approval of President shall be required only for ordering withholding/withdrawing pension or gratuity in the case of a pensioner who retired from a post for which President is the appointing authority and, in other cases, Secretary of the Administrative Ministry or Department shall be competent to order withholding/withdrawing pension or gratuity, if the pensioner is found guilty of grave misconduct or negligence during the period of service in any departmental or judicial proceedings. Similarly, the Comptroller and Auditor-General of India shall be competent to order withholding/withdrawing pension or gratuity in the case of a pensioner who retired from the Indian Audit and Accounts Department, for which an authority subordinate to the President is the appointing authority. Consultation with UPSC will also not be necessary in cases where the President is not the appointing authority

3. A provision for appeal against an order of an authority other than the President has also been made in the amended Rule 8(6A). Provisions for revision/review of the orders by the President have also been made in Rule 8(7) & Rule 8(8), respectively.

4. All Ministries/Departments are requested that the above amended provisions regarding power to withhold or withdraw pension/gratuity in case where the pensioner is found guilty of grave misconduct or negligence during the period of service may be brought to the notice of the personnel dealing with the pensionary benefits, for strict implementation.

(R.C Sethi)
Deputy Secretary to Government of India
Tel: 24635979

To,
All Ministries/Departments/Organisations (As per standard list)

फा. सं.38/01(05)/2022-पी&पीडब्ल्यू(ए)

भारत सरकार

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय

पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग

तृतीय तल, लोकनायक भवन,
खान मार्केट, नई दिल्ली-110003
दिनांक: 26.10.2022

कार्यालय ज्ञापन

विषय: केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 के अधीन पेंशन की मंजूरी के लिए रकम और शर्तें।

अधोहस्ताक्षरी को यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन)नियमावली, 1972 का अधिक्रमण करते हुए केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन)नियमावली, 2021 को अधिसूचित किया है। केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन)नियमावली, 2021 के नियम 44 के उप-नियम (1) के अनुसार, ऐसा सरकारी कर्मचारी, जो दस वर्ष से अन्यून की अर्हक सेवा पूर्ण करने के पश्चात नियम 33(अधिवर्षिता पेंशन), नियम 34(सेवानिवृत्ति पेंशन), नियम 35(राज्य सरकार में या उसके अधीन आमेलित किए जाने पर पेंशन), नियम 36(निगम, कंपनी या निकाय में या उसके अधीन आमेलित किए जाने पर पेंशन), नियम 37(सरकारी विभाग के किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में संपरिवर्तन के परिणामस्वरूप उसके अधीन आमेलित किए जाने पर पेंशन), नियम 38(सरकारी विभाग के केंद्रीय स्वायत्त निकाय में संपरिवर्तन किए जाने के परिणामस्वरूप उसके अधीन आमेलित किए जाने पर पेंशन) या नियम 39(अशक्त पेंशन) के अधीन सेवानिवृत्त होने पर पेंशन की मंजूरी का पात्र होगा। ऐसे सभी मामलों में पेंशन न्यूनतम नौ हज़ार रुपये प्रतिमास और अधिकतम एक लाख पच्चीस हज़ार रुपये प्रतिमास की सीमा के अधीन रहते हुए, परिलब्धियों या औसत परिलब्धियों के पचास प्रतिशत की दर से, जो भी उसके लिए अधिक लाभप्रद हो परिकलित की जाती है।

2. उपरोक्त नियम में आगे यह प्रावधान किया गया है कि ऐसा सरकारी कर्मचारी, जो दस वर्ष की अर्हक सेवा पूर्ण करने से पूर्व ही नियम 39 के अधीन सेवानिवृत्त होता है, वह परिलब्धियों या औसत परिलब्धियों के पचास प्रतिशत की दर से, जो भी उसके लिए अधिक लाभप्रद हो, परिकलित की गई अशक्त पेंशन के लिए भी पात्र होगा और उसके मामले में पेंशन की मंजूरी के लिए न्यूनतम दस वर्ष की अर्हक सेवा पूर्ण करने की शर्त लागू नहीं होगी यदि वह नियम 39 के उप नियम (9) में उल्लिखित शर्तों को पूरा करता हो।

3. अर्हक सेवा काल की गणना करने में वर्ष का ऐसा भाग, जो तीन मास के बराबर या उससे अधिक हो, संपूरित छमाही अवधि माना जाता है और उसकी गणना अर्हक सेवा के रूप में की जाती है। ऐसे सरकारी कर्मचारी की दशा में जिसने नौ वर्ष और नौ मास या अधिक किन्तु दस वर्ष से अन्यून अर्हक सेवा दी है, तो इस नियम के प्रयोजनार्थ उसकी अर्हक सेवा दस वर्ष की होगी और वह तदनुसार पेंशन के लिए पात्र होगा।

4. सभी मंत्रालयों/विभागों से अनुरोध है कि केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 के अधीन पेंशन की मंजूरी के लिए रकम और शर्तों से संबंधित उपरोक्त उपबंधों का सख्ती से अनुपालन करने हेतु, इन्हें मंत्रालय/विभाग और उसके अधीन संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालयों में पेंशन हितलाभों का निपटान करने वाले कार्मिकों के संज्ञान में लाएं।

(आर.सी.सेठी)
उप सचिव, भारत सरकार
दूरभाष: 24635979

सेवा में,
सभी मंत्रालय/विभाग/संगठन (मानक सूची के अनुसार)

F. No. 38/01(05)/2022-P&PW(A)
Government of India
Ministry of Personnel, PG & Pensions
Department of Pension & Pensioners' Welfare

3rd Floor, Lok Nayak Bhawan
Khan Market, New Delhi-110 003
Dated: 26.10.2022

Office Memorandum

Subject: Amount and conditions for grant of pension under Central Civil Services (Pension) Rules, 2021

तृतीय तल, लोकनायक भवन,
खान मार्केट, नई दिल्ली-110003
दिनांक: 26.10.2022

कार्यालय ज्ञापन

विषय: केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 के अधीन कुटुंब पेंशन की मंजूरी के लिए पात्रता निर्धारित करने के लिए प्रस्तुत किए जाने वाले आय संबंधी दस्तावेज।

अधोहस्ताक्षरी को यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 1972 का अधिक्रमण करते हुए केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 को अधिसूचित किया है। केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 का नियम 50 सरकारी कर्मचारी/पेंशनभोगी के दिवंगत होने पर कुटुंब पेंशन के संदाय से संबंधित है।

2. केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 के नियम 50(12) के अनुसार, मृतक सरकारी कर्मचारी/पेंशनभोगी के कुटुंब के किसी सदस्य (पति/पत्नी के अतिरिक्त) को कुटुंब पेंशन का संदाय किया जाता है/जारी रखा जाता है, यदि वह अपनी आजीविका उपार्जन नहीं कर रहा/रही है। मानसिक और शारीरिक नि:शक्तता से ग्रस्त बच्चे या सहोदर के अलावा कुटुंब के अन्य सदस्य द्वारा अपनी आजीविका का उपार्जन करना समझा जाएगा यदि अन्य स्त्रोतों से उसकी आय, न्यूनतम कुटुंब पेंशन (अर्थात 9,000/- रुपये प्रति मास) और उस पर अनुज्ञेय महंगाई राहत के समतुल्य या अधिक है। तथापि, किसी मानसिक और शारीरिक नि:शक्तता से ग्रस्त बच्चे या सहोदर का अपनी आजीविका उपार्जन नहीं करना समझा जाएगा यदि कुटुंब पेंशन के अलावा अन्य स्त्रोतों से उसकी कुल आय, संबंधित सरकारी कर्मचारी या पेंशनभोगी की मृत्यु पर देय अनुज्ञेय कुटुंब पेंशन और उस पर अनुज्ञेय महंगाई राहत से कम है।

3. इस नियम के अधीन कुटुंब पेंशन के लिए पात्रता तय करने के लिए, मृतक सरकारी कर्मचारी या पेंशनभोगी की विधवा या विधुर के अलावा, कुटुंब के अन्य सदस्य को कुटुंब पेंशन के लिए अपने दावे के साथ, आयकर विभाग के साथ उक्त कुटुंब के सदस्य द्वारा दाखिल अंतिम आयकर विवरणी की एक प्रति प्रस्तुत करनी अपेक्षित होगी। यदि उक्त कुटुंब सदस्य यह सूचित करता है कि उसने आयकर विभाग के साथ अंतिम आयकर विवरणी दाखिल नहीं की है, तो उसे उपप्रभागीय मजिस्ट्रेट से आय प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा। यदि कुटुंब सदस्य आयकर विवरणी की प्रति या उपप्रभागीय मजिस्ट्रेट से आय प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने में असमर्थ है, तो

कार्यालय अध्यक्ष उक्त सदस्य द्वारा उसके दावे के समर्थन में आय के संबंध में प्रस्तुत किए गए किसी अन्य दस्तावेज़ पर विश्वास कर सकता है और तदनुसार कुटुंब पेंशन के लिए कुटुंब के उक्त सदस्य की पात्रता तय कर सकता है।

4. सभी मंत्रालयों/विभागों से अनुरोध है कि केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 के अधीन कुटुंब पेंशन की मंज़ूरी के लिए पात्रता निर्धारित करने के लिए प्रस्तुत किए जाने वाले आय संबंधी दस्तावेजों से संबंधित उपर्युक्त उपबंधों का सख्ती से अनुपालन करने हेतु, इन्हें मंत्रालय/विभाग और उसके अधीन संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालयों में पेंशन हितलाभों का निपटान करने वाले कार्मिकों के संज्ञान में लाएं।

विशाल

(विशाल कुमार)
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष: 24644632

सेवा में,
सभी मंत्रालय/विभाग/संगठन (मानक सूची के अनुसार)

F. No. 1/1(1))/2022-P&PW (E)
Government of India
Ministry of Personnel, PG & Pensions
Department of Pension & Pensioners' Welfare

3rd Floor, Lok Nayak Bhawan
Khan Market, New Delhi-110 003
Dated: 26.10.2022

Office Memorandum

Subject: Documents regarding income required to be submitted for deciding eligibility for grant of family pension under Central Civil Services (Pension) Rules, 2021.

The undersigned is directed to say that Department of Pension has notified the Central Civil Services (Pension) Rules, 2021 in supersession of the Central Civil Service (Pension) Rules, 1972. Rule 50 of the Central Civil Service (Pension) Rules, 2021 deals with payment of family pension on death of a Government servant/pensioner.

2. In accordance with Rule 50(12) of the Central Civil Service (Pension) Rules, 2021, family pension to a member of the family (other than spouse) of a deceased Government servant/pensioner is paid/continued, if he/she is not earning his/her livelihood. A member of the family, other than a son or a daughter or a sibling suffering from a mental or physical disability, is deemed to be earning his or her livelihood if his or her income from other sources is equal to or more than the minimum family pension (i.e. Rs. 9000/- per month) and the dearness relief admissible thereon. However, a child /sibling suffering from a mental or physical disability is deemed to be not earning his or her livelihood, if his or her overall income from sources other than family pension is less than the entitled family pension and the dearness relief admissible thereon, payable on death of the Government servant or pensioner concerned.

3. In order to decide the eligibility for family pension, a member of the family, other than the widow or widower of the deceased Government servant or pensioner, is required to submit, along with the claim for family pension, a copy of the last Income Tax Return filed by the said member of the family with the Income Tax Department. In case the said member of the family informs that he or she has not filed the Income Tax Return with the Income Tax Department, he or she shall submit a certificate of income from a sub-divisional magistrate. In case the member of the family is not able to submit either a copy of the Income Tax Return or a certificate of income from a sub-divisional magistrate, the Head of Office may rely on any other document produced by the said member of the family in support of his or her claim regarding income and decide the eligibility of the said member of the family for family pension accordingly.

4. All Ministries/Departments are requested that the above provisions relating to documents regarding income required to be submitted for deciding eligibility for grant of family pension under Central Civil Services (Pension) Rules, 2021 may be brought to the notice of the personnel dealing with the pensionary benefits in the Ministry/Department and attached/subordinate offices thereunder, for strict implementation.

(Vishal Kumar)
Under Secretary to Government of India
Tel: 24644632

To

All Ministries/Departments/Organisations (As per standard list).-

सं.-1/1(1)/2022-पी&पीडबल्यू(ई)

भारत सरकार

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय

पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग

***

तीसरा तल, लोकनायक भवन,

खान मार्केट, नई दिल्ली,

दिनांक: 26.10.2022

कार्यालय ज्ञापन

विषयः केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 के अधीन किसी मृतक सरकारी कर्मचारी/पेंशनभोगी की अविवाहित या विधवा या तलाक़शुदा पुत्री को कुटुंब पेंशन की मंजूरी।

अधोहस्ताक्षरी को यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 1972 का अधिक्रमण करते हुए केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 को अधिसूचित किया है। केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 का नियम 50 किसी सरकारी कर्मचारी/पेंशनभोगी की मृत्यु होने पर कुटुंब पेंशन के संदाय से संबंधित है।

2. केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 के नियम 50(9) के अनुसार, किसी मृतक सरकारी कर्मचारी/पेंशनभोगी की अविवाहित या विधवा या तलाक़शुदा पुत्री, जो अपनी आजीविका का उपार्जन नहीं कर रही है, पच्चीस वर्ष की आयु होने के बाद भी या उसका विवाह होने तक या पुनर्विवाह होने तक, या उसका आजीविका उपार्जन प्रारम्भ करने तक, जो भी पहले हो, निम्नलिखित शर्तों के अधीन जीवनपर्यंत कुटुंब पेंशन पाने की पात्र है-

(i) कुटुंब पेंशन पच्चीस वर्ष की आयु से कम बच्चे को या नियम 50 के अनुसार कुटुंब पेंशन प्राप्त करने के लिए पात्र नि:शक्त बच्चे को प्रारंभ में देय होगी।

(ii) अविवाहित या विधवा या तलाक़शुदा पुत्री अपने पिता/माता अथवा माता-पिता पर आश्रित थी जब वह जीवित था/थी या वे जीवित थे;

(iii) जहां कोई मृतक सरकारी कर्मचारी या पेंशनभोगी अपने पीछे पच्चीस वर्ष की आयु से अधिक एक से अधिक अविवाहित या विधवा या तलाक़शुदा पुत्री को छोड़ जाता है, तो कुटुंब पेंशन उनके जन्म के क्रम में, प्रथमत: ऐसी पुत्री को देय होगी जो कुटुंब पेंशन की अनुज्ञा के लिए पात्रता की सभी शर्तों को पूरा करती हो;

(iv) ज्येष्ठ पुत्री अपना विवाह या पुनर्विवाह होने तक अथवा अपनी आजीवका उपार्जन प्रारम्भ करने तक, जो भी पहले हो, कुटुंब पेंशन के लिए हकदार होगी और ज्येष्ठ के विवाह या पुनर्विवाह होने पर या अपनी आजीविका उपार्जन प्रारम्भ करने पर या उसकी मृत्यु होने पर, अगली कनिष्ठ पुत्री कुटुंब पेंशन के लिए पात्र होगी;

(v) विधवा पुत्री की दशा में, उसके पति के मृत्यु और तलाक़शुदा पुत्री की दशा में, उसका तलाक, सरकारी कर्मचारी या पेंशनभोगी या उसके/उसकी पति/पत्नी के जीवित रहते हुए हुआ हो। तथापि, कुटुंब पेंशन तलाक़शुदा पुत्री को उसके तलाक की तारीख से तब देय होगी यदि सरकारी कर्मचारी या पेंशनभोगी या उसके/उसकी पति/पत्नी के जीवित रहते हुए सक्षम न्यायालय में तलाक की कार्यवाही दायर की गई थी किन्तु तलाक उनकी मृत्यु के पश्चात् हुआ। ऐसे मामलों में, यदि सरकारी कर्मचारी या पेंशनभोगी और उसके या उसकी पति या पत्नी की मृत्यु होने पर, कुटुंब के किसी अन्य पात्र सदस्य को, पुत्री के तलाक की तारीख से पूर्व कुटुंब पेंशन संदेय हो गई हो, तो ऐसी तलाकशुदा पुत्री को कुटुंब पेंशन तब तक शुरू नहीं की जाएगी जब तक कि उपरोक्त सदस्य कुटुंब पेंशन के लिए अपात्र न हो जाए या उसकी मृत्यु न हो जाए।

3. सभी मंत्रालयों/विभागों से अनुरोध है कि केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 के अधीन किसी मृतक सरकारी कर्मचारी/पेंशनभोगी की अविवाहित या विधवा या तलाक़शुदा पुत्री को कुटुंब पेंशन की मंजूरी से संबंधित उपरोक्त उपबंधों का सख्ती से अनुपालन करने हेतु इन्हें मंत्रालय/विभाग और उसके अधीन संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालयों में पेंशन हितलाभों का निपटान करने वाले कार्मिकों के संज्ञान में लाएं।

विशाल

(विशाल कुमार)
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष: 24644632

सेवा में

सभी मंत्रालय/विभाग/संगठन (मानक सूची के अनुसार)

F. No. 1/1(1))/2022-P&PW (E)
Government of India
Ministry of Personnel, PG & Pensions
Department of Pension & Pensioners' Welfare

3rd Floor, Lok Nayak Bhawan
Khan Market, New Delhi-110 003
Dated: 26.10.2022

Office Memorandum

Subject: Grant of family pension under Central Civil Services (Pension) Rules, 2021 to an unmarried or widowed or divorced daughter of a deceased Government servant/pensioner.

The undersigned is directed to say that Department of Pension has notified the Central Civil Services (Pension) Rules, 2021 in supersession of the Central Civil Service (Pension) Rules, 1972. Rule 50 of the Central Civil Service (Pension) Rules, 2021 deals with payment of family pension on death of a Government servant/pensioner.

2. In accordance with Rule 50(9) of the Central Civil Service (Pension) Rules, 2021, an unmarried or widowed or divorced daughter of a deceased Government servant/pensioner, who is not earning her livelihood, is eligible for family pension beyond the age of twenty-five years for life or until she gets married or re-married or until she starts earning her livelihood, whichever is the earliest, subject to the following conditions-

(i) The family pension shall be initially payable to the children below the age of twenty-five years or to a disabled child eligible to receive family pension in accordance with Rule 50.
(ii) The unmarried or widowed or divorced daughter was dependant on her parent or parents when he or she or they were alive;
(iii) Where a deceased Government servant or pensioner leaves behind more than one unmarried or widowed or divorced daughter beyond the age of twenty-five years, family pension shall first be payable to such daughter, who fulfil the eligibility conditions for grant of family pension, in the order of their birth;
(iv) The elder daughter shall be entitled to the family pension till she has got married or remarried or has started earning her livelihood, whichever is earlier and the younger of the daughters will be eligible for family pension after the elder next above her has got married or remarried or has started earning her livelihood or has died;
(v) In the case of widowed daughter, death of her husband and in the case of divorced daughter, her divorce took place during the lifetime of the Government servant or pensioner or his or her spouse. However, family pension shall be payable to a divorced daughter from the date of divorce if the divorce proceedings were filed in a competent court during the life time of the Government servant or pensioner or his or her spouse but the divorce took place after their death. In such cases, if consequent on the death of the Government servant or pensioner and his or her spouse, the family pension to any other eligible member of the family has become payable before the date of divorce of daughter, the family pension to such divorced daughter shall not commence before the aforesaid member of the family ceases to be eligible for family pension or dies.

3. All Ministries/Departments are requested that the above provisions regarding grant of family pension under Central Civil Services (Pension) Rules, 2021 to an unmarried or widowed or divorced daughter of a deceased Government servant/pensioner may be brought to the notice of the personnel dealing with the pensionary benefits in the Ministry/Department and attached/subordinate offices thereunder, for strict implementation.

(Vishal Kumar)
Under Secretary to Government of India
Tel: 24644632

To

All Ministries/Departments/Organisations (As per standard list).-

सं.-1/1(1)/2022-पी&पीडबल्यू(ई)

भारत सरकार

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय

पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग

***

तीसरा तल, लोकनायक भवन,

खान मार्केट, नई दिल्ली,

दिनांक: 26.10.2022

कार्यालय ज्ञापन

विषयः केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 के अधीन किसी मृतक सरकारी कर्मचारी/पेंशनभोगी के मानसिक या शारीरिक निःशक्तता से ग्रस्त बच्चे या सहोदर को कुटुंब पेंशन की मंजूरी।

अधोहस्ताक्षरी को यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 1972 का अधिक्रमण करते हुए केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 को अधिसूचित किया है। केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 का नियम 50 किसी सरकारी कर्मचारी/पेंशनभोगी की मृत्यु होने पर कुटुंब पेंशन के संदाय से संबंधित है।

2. केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 के नियम 50(9) के अनुसार, किसी मृतक सरकारी कर्मचारी/पेंशनभोगी का पुत्र या पुत्री या सहोदर जो मानसिक या शारीरिक निःशक्तता से ग्रस्त है और अपनी आजीविका का उपार्जन नहीं कर रहा है, जीवनपर्यन्त कुटुंब पेंशन पाने का पात्र है। मानसिक या शारीरिक निःशक्तता से ग्रस्त बच्चा/सहोदर द्वारा अपनी आजीविका का उपार्जन करना समझा जाएगा यदि कुटुंब पेंशन के अलावा अन्य स्रोतों से उसकी कुल आय पात्र संबंधित सरकारी कर्मचारी या पेंशनभोगी की मृत्यु पर देय कुटुंब पेंशन और उस पर अनुज्ञेय महंगाई राहत से कम है।

3. जहां कोई मृतक सरकारी कर्मचारी या पेंशनभोगी एक से अधिक बच्चों को अपने पीछे छोड़ जाता है, तो कुटुंब पेंशन सर्वप्रथम पच्चीस वर्ष से कम आयु वाले बच्चों को उनके जन्म के क्रम में, देय होगी जो अधीन कुटुंब पेंशन के लिए पात्रता के सभी शर्तों को पूरा करते हों। जहां किसी मृतक सरकारी कर्मचारी या पेंशनभोगी के पच्चीस वर्ष से कम आयु के और कुटुंब पेंशन के लिए पात्र उतरजीवी पुत्र या पुत्री न हों अथवा ऐसे पुत्र या पुत्री की मृत्यु हो गई हो या कुटुंब पेंशन के लिए पात्रता समाप्त हो गई हो, तो ऐसे पुत्र या पुत्री को जो मानसिक मंदता सहित किसी भी मानसिक विकार या निःशक्तता से ग्रस्त हो या शारीरिक रूप से निःशक्त या

दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 (2016 के 49), में निर्दिष्ट किसी अन्य निःशक्तता से ग्रस्त हो जिसके कारण पच्चीस वर्ष की आयु का हो जाने पर भी वह अपनी आजीविका उपार्जन करने में असमर्थ हो, को निम्न शर्तों के अध्यधीन कुटुंब पेंशन जीवनपर्यन्त देय होगी:-

(i) सरकारी कर्मचारी या पेंशनभोगी और उसके पति या पत्नी की मृत्यु से पहले निःशक्तता मौजूद हो;

(ii) ऐसे पुत्र या पुत्री को जो मानसिक मंदता सहित किसी भी मानसिक विकार या निःशक्तता से ग्रस्त हो, कुटुंब पेंशन का भुगतान, संरक्षक के माध्यम से किया जाएगा, जैसे वह अवयस्क हो। मानसिक रूप से मंद पुत्र या पुत्री की दशा में कुटुंब पेंशन, यथास्थिति, सरकारी कर्मचारी या पेंशनभोगी द्वारा नामित व्यक्ति को देय होगी और यदि ऐसे सरकारी कर्मचारी या पेंशनभोगी द्वारा उसके जीवनकाल के दौरान कार्यालय अध्यक्ष को ऐसा कोई भी नामांकन प्रस्तुत नहीं किया गया हो, तो यथास्थिति, ऐसे सरकारी कर्मचारी या पेंशनभोगी के पति/पत्नी द्वारा नामित व्यक्ति को संदेय होगी और बाद में उक्त अधिनियम में यथा उपदर्शित स्वरपरायणता, प्रमस्तिष्क घात, मानसिक मंदता और बहुल निःशक्तता ग्रस्त व्यक्ति की बाबत कुटुंब पेंशन मंजूर करने के लिए संरक्षक के नामांकन या उसकी नियुक्ति के लिए, स्थानीय स्तर की समिति द्वारा राष्ट्रीय न्यास अधिनियम, 1999(1999 के 44) की धारा 14 के अधीन जारी किया गया संरक्षकता प्रमाणपत्र भी स्वीकार किया जाएगा;

(iii) ऐसे किसी भी पुत्र या पुत्री को कुटुंब पेंशन की आजीवन अनुज्ञा देने से पूर्व, नियुक्ति प्राधिकारी यह समाधान करेगा कि निःशक्तता ऐसी प्रकृति की है, जिसके कारण वह अपनी आजीविका उपार्जन करने में असमर्थ है और इसे निम्न द्वारा प्राप्त प्रमाणपत्र से साक्ष्यित किया जाएगा,-

(क) दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 (2016 के 49), दिव्यांगजन अधिकार नियमावली, 2017 और केंद्रीय सरकार या राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन, द्वारा जारी दिशा-निर्देशों और अधिसूचनाओं के अनुसार निःशक्तता प्रमाणपत्र जारी करने के लिए सक्षम प्राधिकारी; या

(ख) एक मेडिकल बोर्ड जिसमें एक चिकित्सा अधीक्षक या एक प्रधानाचार्य या एक निदेशक या संस्था के प्रमुख या अध्यक्ष के रूप में उनके नामिती और दो अन्य सदस्यों शामिल हों, जिसमें से कम से कम एक व्यक्ति निःशक्तता के विशेष क्षेत्र में विशेषज्ञ होगा, जहां तक संभव हो, बालक की मानसिक या शारीरिक स्थिति को यथावत उपवर्णित करेगा।

ऐसा पुत्र या पुत्री या ऐसे पुत्र या पुत्री के संरक्षक के रूप में कुटुंब पेंशन प्राप्त करने वाले व्यक्ति, यदि निःशक्तता स्थायी है तो एक बार, और यदि निःशक्तता अस्थायी है, तो हर पांच वर्ष में एक बार उपरोक्त चिकित्सा प्राधिकारी से इस आशय का एक प्रमाणपत्र प्रस्तुत करेगा कि वह अभी भी खंड में निर्दिष्ट निःशक्तता से ग्रस्त है।

(iv) खंड(ज) में निर्दिष्ट नि:शक्तता से ग्रस्त बच्चा विवाह करने पर कुटुंब पेंशन के लिए अपात्र नहीं होगा।

4. सभी मंत्रालयों/विभागों से अनुरोध है कि केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 के अधीन किसी मृतक सरकारी कर्मचारी/पेंशनभोगी के मानसिक या शारीरिक नि:शक्तता से ग्रस्त बच्चे या सहोदर को कुटुंब पेंशन की मंजूरी से संबंधित उपरोक्त उपबंधों का सख्ती से अनुपालन करने हेतु इन्हें मंत्रालय/विभाग और उसके अधीन संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालयों में पेंशन हितलाभों का निपटान करने वाले कार्मिकों के संज्ञान में लाएं।

विशाल

(विशाल कुमार)
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष: 24644632

सेवा में
सभी मंत्रालय/विभाग/संगठन (मानक सूची के अनुसार)

F. No. 1/1(1))/2022-P&PW (E)
Government of India
Ministry of Personnel, PG & Pensions
Department of Pension & Pensioners' Welfare

3rd Floor, Lok Nayak Bhawan
Khan Market, New Delhi-110 003
Dated: 26.10.2022

Office Memorandum

Subject: Grant of family pension under Central Civil Services (Pension) Rules, 2021 to a child or sibling of a deceased Government servant/pensioner suffering from a mental or physical disability.

The undersigned is directed to say that Department of Pension has notified the Central Civil Services (Pension) Rules, 2021 in supersession of the Central Civil Service (Pension) Rules, 1972. Rule 50 of the Central Civil Service (Pension) Rules, 2021 deals with payment of family pension on death of a Government servant/pensioner.

2. In accordance with Rule 50(9) of the Central Civil Service (Pension) Rules, 2021, a son or daughter or sibling of a deceased Government servant/pensioner, who is suffering from a mental or physical disability and is not earning his or her livelihood, is eligible for family pension for life. A child/sibling suffering from a mental or physical disability shall be deemed to be not earning his or her livelihood, if his or her overall income from sources other than family pension is less than the entitled family pension and the dearness relief admissible thereon, payable on death of the Government servant or pensioner concerned.

3. Where a deceased Government servant or pensioner leaves behind more children than one, family pension shall first be payable to children below the age of twenty-five years, who fulfill the eligibility conditions for grant of family pension, in the order of their birth. Where a deceased Government servant or pensioner is not survived by a son or daughter below the age of twenty-five years and eligible for family pension or where such son or daughter has died or has ceased to be eligible for family pension, the family pension shall be payable for life to a son or daughter who is suffering from any disorder or disability of mind including the mentally retarded or is physically disabled or suffering from any other disability referred to in the Rights of Persons with Disabilities Act, 2016 (49 of 2016) so as to render him or her unable to earn a living even after attaining the age of twenty-five years, subject to the following conditions:-

(i) The disability existed before the death of the Government servant or pensioner and his or her spouse;
(ii) The family pension shall be paid to a son or daughter, who is suffering from any disorder or disability of mind including the mentally retarded, through the guardian as if he or she were a minor. In the case of a mentally retarded son or daughter, the family pension shall be payable to a person nominated by the Government servant or the pensioner, as the case may be, and in case no such nomination has been furnished to the Head of Office by such Government servant or pensioner during his lifetime, to the person nominated by the spouse of such Government servant or family pensioner, as the case may be, later on. The Guardianship Certificate issued under section 14 of the National Trust Act,1999 (44 of 1999), by a local level Committee, shall also be accepted for nomination or appointment of guardian for grant of family pension in respect of the person suffering from Autism, Cerebral Palsy, Mental Retardation and Multiple Disabilities as indicated in the said Act
(iii) Before allowing the family pension for life to any such son or daughter, the appointing authority shall satisfy that the disability is of such a nature so as to prevent him or her from earning his or her livelihood and the same shall be evidenced by a certificate obtained from,-

(A) an authority competent to issue disability certificate in accordance with the Rights of Persons with Disabilities Act, 2016 (49 of 2016), the Rights of Persons with Disabilities Rules, 2017 and the guidelines and notifications issued by the Central Government or a State Government or a Union territory administration; or

(B) a Medical Board comprising of a Medical Superintendent or a Principal or a Director or Head of the Institution or his nominee as Chairman and two other members, out of which at least one shall be a Specialist in the particular area of disability, setting out, as far as possible, the exact mental or physical condition of the child.

Such son or daughter or the person receiving the family pension as guardian of such son or daughter shall produce a certificate, from above medical authorities once, if the disability is permanent and if the disability is temporary, once in every five years, to the effect that he or she continues to suffer from a disability referred to in clause.

(iv) Marriage by a child who is suffering from a disability referred to in clause (h) shall not render him or her ineligible for family pension.

4.. All Ministries/Departments are requested that the above provisions regarding Grant of family pension under Central Civil Services (Pension) Rules, 2021 to a child or sibling of a deceased Government servant/pensioner suffering from a mental or physical disability may be brought to the notice of the personnel dealing with the pensionary benefits in the Ministry/Department and attached/subordinate offices thereunder, for strict implementation.

(Vishal Kumar)
Under Secretary to Government of India
Tel: 24644632

To

All Ministries/Departments/Organisations (As per standard list).-

सं.-1/1(1)/2022-पी&पीडब्ल्यू(ई)
भारत सरकार
कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय
पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग

***

तीसरा तल, लोकनायक भवन,
खान मार्केट, नई दिल्ली,
दिनांक: 26.10.2022

कार्यालय ज्ञापन

विषय: केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 के अधीन कुटुंब पेंशन का सहभाजन।

अधोहस्ताक्षरी को यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 1972 का अधिक्रमण करते हुए केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 को अधिसूचित किया है। केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 का नियम 50 किसी सरकारी कर्मचारी/पेंशनभोगी की मृत्यु होने पर कुटुंब पेंशन के संदाय से संबंधित है।

2. केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 के नियम 50(8) के अनुसार, किसी सरकारी कर्मचारी/पेंशनभोगी की मृत्यु होने पर, कुटुंब पेंशन विधवा या विधुर को मृत्यु की तारीख तक या पुनर्विवाह होने तक, जो भी पहले हो, देय है। यदि मृतक सरकारी कर्मचारी या पेंशनभोगी एक से अधिक विधवाओं को छोड़ जाता है, विधवाओं को बराबर अंशों में कुटुंब पेंशन का संदाय होगा और विधवा की मृत्यु या अपात्रता होने पर, कुटुंब पेंशन का उसका अंश उसके बच्चे या बच्चों के लिए देय होगा जो कुटुंब पेंशन की मंजूरी हेतु पात्रता शर्तों को पूरा करता है या करते हैं। यदि विधवा का कोई उत्तरजीवी बच्चा नहीं है, तो कुटुंब पेंशन का उसका अंश समाप्त नहीं होगा, किन्तु दूसरी विधवाओं को बराबर अंशों में देय होगा, या यदि केवल एक ही विधवा हो, तो पूर्ण रूप से उसे देय होगा।

3. यदि किसी मृत सरकारी कर्मचारी या पेंशनभोगी की उत्तरजीवी निःसंतान विधवा हो और
(क) किसी अन्य पत्नी से, जो जीवित नहीं है,
(ख) तलाक़शुदा पत्नी से, या
(ग) किसी अमान्य या अमान्यकरणीय विवाह से
जन्मा पात्र बच्चा या बच्चे हों

तो कुटुंब पेंशन की मंजूरी के लिए पात्रता शर्तों को पूरा करने वाला बच्चा या बच्चे, कुटुंब पेंशन के अंश का हकदार होगा या होंगे जो माता को उस दशा में मिलता जब वह उस सरकारी कर्मचारी/पेंशनभोगी की मृत्यु के समय जीवित होती या वह तलाक़शुदा नहीं होती या विवाह अमान्य या अमान्यकरणीय नहीं होता। ऐसे बच्चे या बच्चों को या विधवा या विधवाओं को देय कुटुंब पेंशन

का अंश या अंशों का संदाय बंद होने पर, ऐसा अंश या ऐसे सभी अंश समाप्त नहीं होंगे, किन्तु अन्यथा पात्र अन्य विधवा या विधवाओं और/या अन्य बच्चा या बच्चों को, बराबर अंशों में देय होगा, या केवल एक ही विधवा या बच्चा है, तो पूर्ण रूप से उसे देय होगा।

4. उपरोक्त मामलों में, यदि मृतक सरकारी कर्मचारी/पेंशनभोगी कुटुंब पेंशन के लिए पात्र बच्चा या बच्चों सहित विधवा को छोड़ जाता है, तो विधवा को देय कुटुंब पेंशन के अंश का संदाय बंद होने पर, ऐसा अंश नियम 50 के अनुसार उसके बच्चे या बच्चों को देय होगा।

5. यदि कुटुंब पेंशन जुड़वां बच्चों को देय हो, तो ऐसे बच्चों को बराबर अंशों में संदेय होगी और जब उनमें से एक की पात्रता समाप्त हो जाए, तो उसका अंश दूसरे बच्चे को देय होगा और जब दोनों की पात्रता समाप्त हो जाए तो कुटुंब पेंशन अगले पात्र एकल बच्चे या जुड़वां बच्चों को देय होगी।

6. नियम 63 के अनुसार, किसी सरकारी कर्मचारी के सेवानिवृत्त होने पर, सरकारी कर्मचारी की पत्नी/पति, यदि जीवित हों, तो उसका नाम पेंशन संदाय आदेश में कुटुंब पेंशनभोगी के रूप में उपदर्शित किया जाएगा। यदि सरकारी कर्मचारी के कुटुंब में एक से अधिक पत्नियां हैं जो जीवित हैं, लेखा अधिकारी पेंशन संदाय आदेश में सभी पत्नियों के नाम के साथ कुटुंब पेंशन में उनके क्रमशः अंश को उपदर्शित करेगा। यदि सरकारी कर्मचारी के कुटुंब में एक पत्नी है जो जीवित है, और अन्य मृतक पत्नी से या तलाक़शुदा पत्नी से अथवा अमान्य या अमान्यकरणीय विवाह से जन्मा बच्चा या बच्चे हैं, लेखा अधिकारी पेंशन संदाय आदेश में, कुटुंब पेंशन में केवल उस पत्नी का नाम उसके अंश के साथ उपदर्शित करेगा जो जीवित है। पेंशनभोगी की मृत्यु होने पर, पेंशन संदाय आदेश में उपदर्शित कुटुंब पेंशन का अंश प्रारम्भ में उत्तरजीवी विधवा को संदेय होगा और कार्यालय अध्यक्ष से संसूचना प्राप्त होने पर, लेखा अधिकारी नियम 50 के अनुसार कुटुंब के सभी सदस्य जो पेंशनभोगी की मृत्यु की तारीख से कुटुंब पेंशन के पात्र हैं, के नाम और कुटुंब पेंशन में उनके अंश को उपदर्शित करते हुए एक संशोधित पेंशन संदाय आदेश जारी करेगा।

7. सभी मंत्रालयों/विभागों से अनुरोध है कि केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 के अधीन कुटुंब पेंशन के सहभाजन से संबंधित उपरोक्त उपबंधों का सख्ती से अनुपालन करने हेतु इन्हें मंत्रालय/विभाग और उसके अधीन संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालयों में पेंशन हितलाभों का निपटान करने वाले कार्मिकों के संज्ञान में लाएं।

वि2।।ल

(विशाल कुमार)
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष: 24644632

सेवा में
सभी मंत्रालय/विभाग/संगठन (मानक सूची के अनुसार)

F. No. 1/1(1))/2022-P&PW (E)
Government of India
Ministry of Personnel, PG & Pensions
Department of Pension & Pensioners' Welfare

3rd Floor, Lok Nayak Bhawan
Khan Market, New Delhi-110 003
Dated: 26.10.2022

Office Memorandum

Subject: Sharing of family pension under Central Civil Services (Pension) Rules, 2021

The undersigned is directed to say that Department of Pension has notified the Central Civil Services (Pension) Rules, 2021 in supersession of the Central Civil Service (Pension) Rules, 1972. Rule 50 of the Central Civil Service (Pension) Rules, 2021 deals with payment of family pension on death of a Government servant/pensioner.

2. In accordance with Rule 50(8) of the Central Civil Service (Pension) Rules, 2021, on death of a Government servant/pensioner, family pension is payable to the widow or widower upto the date of death or re-marriage, whichever is earlier. In cases where the deceased Government servant or pensioner is survived by more widows than one, the family pension shall be paid to the widows in equal shares and on the death or ineligibility of a widow, her share of the family pension shall become payable to her child or children who fulfill the eligibility conditions for grant of family pension. In case, the widow is not survived by any child, her share of the family pension shall not lapse but shall be payable to the other widows in equal shares, or if there is only one such other widow, in full, to her.

3. In cases where the deceased Government servant or pensioner is survived by a widow without any child and has also left behind eligible child or children:

(a) from another wife who is not alive, or
(b) from a divorced wife, or
(c) from a void or voidable marriage

the child or children who fulfill the eligibility conditions for grant of family pension shall be entitled to the share of family pension which the mother would have received if she had been alive at the time of the death of the Government servant/pensioner or if she had not been so divorced or if the marriage had not been void or voidable. On the share or shares of family pension payable to such a child or children or to a widow or widows ceasing to be payable, such share or shares shall not lapse, but shall be payable to the other widow or widows and/or to other child or children otherwise eligible), in equal shares, or if there is only one widow or child, in full, to such widow or child.

4. In the above cases, if the deceased Government servant/pensioner is survived by the widow with child or children eligible for family pension, on the share of family pension payable to the widow ceasing to be payable, such share shall be payable to her child or children in accordance with Rule 50.

5. In cases where family pension is payable to twin children, it shall be paid to such children in equal shares and when one such child ceases to be eligible, his or her share shall revert to the other child and when both of them cease to be eligible the family pension shall be payable to the next eligible single child or twin children.

6. In accordance with Rule 63, on retirement of a Government servant, the name of the spouse of the Government servant, if alive, is indicated as family pensioner in the Pension Payment Order. In cases where family of a Government servant includes more than one wife who is alive, the Accounts Officer shall indicate, in the Pension Payment Order, the names of all the wives with their respective share in the family pension. If family of a Government servant includes a wife, who is alive, and a child or children from a wife who is not alive or from a divorced wife or from a void or voidable marriage, the Accounts

Officer shall indicate, in the Pension Payment Order, only the name of wife who is alive with her share in the family pension, then on death of the pensioner, the share of family pension indicated in the Pension Payment Order shall initially become payable to the surviving widow and on receipt of a communication from the Head of Office, the Accounts Officer shall issue a revised Pension Payment Authority, indicating the names of all the members of family who are eligible for family pension on the date of death of the pensioner with their respective share in the family pension, in accordance with rule 50.

7. All Ministries/Departments are requested that the above provisions regarding sharing of family pension under Central Civil Services (Pension) Rules, 2021 may be brought to the notice of the personnel dealing with the pensionary benefits in the Ministry/Department and attached/subordinate offices thereunder, for strict implementation.

(Vishal Kumar)
Under Secretary to Government of India
Tel: 24644632

To

All Ministries/Departments/Organisations (As per standard list).-

सं.-1/1(1)/2022-पी&पीडबल्यू(ई)

भारत सरकार

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय

पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग

***

तीसरा तल, लोकनायक भवन,
खान मार्केट, नई दिल्ली,
दिनांक: 26.10.2022

कार्यालय ज्ञापन

विषयः किसी नि:संतान विधवा का पुनर्विवाह होने पर केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 के अधीन कुटुंब पेंशन की मंजूरी।

अधोहस्ताक्षरी को यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 1972 का अधिक्रमण करते हुए केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 को अधिसूचित किया है। केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 का नियम 50 किसी सरकारी कर्मचारी/पेंशनभोगी की मृत्यु होने पर कुटुंब पेंशन के संदाय से संबंधित है।

2. केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 के नियम 50(8) के अनुसार, किसी सरकारी कर्मचारी/पेंशनभोगी की मृत्यु होने पर, कुटुंब पेंशन विधवा या विधुर को मृत्यु की तारीख तक या पुनर्विवाह होने तक, जो भी पहले हो, देय है और कुटुंब पेंशन के लिए विधवा या विधुर की पात्रता उसकी अन्य स्त्रोतों से होने वाली आय की रकम से प्रभावित नहीं होती है। तथापि, नि:संतान विधवा द्वारा पुनर्विवाह करने पर, उसको कुटुंब पेंशन का संदाय जारी रहेगा, यदि अन्य सभी स्त्रोतों से उसकी आय न्यूनतम कुटुंब पेंशन(अर्थात 9000/- रूपए प्रति माह) की रकम और उस पर अनुज्ञेय महंगाई राहत से कम है।

3. यदि नि:संतान विधवा के पुनर्विवाह करने के बाद सभी अन्य स्रोतों से होनेवाली उसकी आय न्यूनतम कुटुंब पेंशन की रकम और उस पर अनुज्ञेय महंगाई राहत के समतुल्य या अधिक हो जाती है, तो उसको देय कुटुंब पेंशन बंद कर दी जाएगी और मृतक सरकारी कर्मचारी के कुटुंब के अन्य पात्र सदस्य, यदि कोई हो, को देय हो जाएगी।

4. यह नि:संतान विधवा का कर्तव्य होगा कि वह अपने पुनर्विवाह के पश्चात् पेंशन संवितरण प्राधिकारी को वर्ष में एक बार यह प्रमाणपत्र प्रस्तुत करे कि उसने अन्य स्रोतों से अपनी आजीविका का उपार्जन प्रारम्भ नहीं किया है, जो न्यूनतम कुटुंब पेंशन और उस पर अनुज्ञेय महंगाई राहत के बराबर या उससे अधिक है।

5. सभी मंत्रालयों/विभागों से अनुरोध है कि केन्द्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 के अधीन किसी नि:संतान विधवा का पुनर्विवाह होने पर कुटुंब पेंशन जारी रखने से संबंधित उपरोक्त उपबंधों का सख्ती से अनुपालन करने हेतु इन्हें मंत्रालय/विभाग और उसके अधीन संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालयों में पेंशन हितलाभों का निपटान करने वाले कार्मिकों के संज्ञान में लाएं।

विशाल

(विशाल कुमार)
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष: 24644632

सेवा में
सभी मंत्रालय/विभाग/संगठन (मानक सूची के अनुसार)

F. No. 1/1(1))/2022-P&PW (E)
Government of India
Ministry of Personnel, PG & Pensions
Department of Pension & Pensioners' Welfare

3rd Floor, Lok Nayak Bhawan
Khan Market, New Delhi-110 003
Dated: 26.10.2022

Office Memorandum

Subject: Grant of family pension under Central Civil Services (Pension) Rules, 2021 on remarriage of a childless widow.

The undersigned is directed to say that Department of Pension has notified the Central Civil Services (Pension) Rules, 2021 in supersession of the Central Civil Service (Pension) Rules, 1972. Rule 50 of the Central Civil Service (Pension) Rules, 2021 deals with payment of family pension on death of a Government servant/pensioner.

2. In accordance with Rule 50(8) of the Central Civil Service (Pension) Rules, 2021, on death of a Government servant/pensioner, family pension is payable to the widow or widower upto the date of death or re-marriage, whichever is earlier and the eligibility of widow or widower for family pension is not affected by the amount of her or his income from other sources. However, on re-marriage by a childless widow, family pension continues to be payable to her, if her income from all other sources is less than the amount of minimum family pension (i.e Rs. 9000/- per month) plus the dearness relief admissible thereon:

3. If after re-marriage, income of childless widow from all other sources becomes equal to or more than the amount of minimum family pension and the dearness relief admissible thereon, family pension payable to her shall be stopped and it shall become payable to the other eligible member of the family, if any, of the deceased Government servant.

4. It shall be the duty of a childless widow after her re-marriage to furnish a certificate to the Pension Disbursing Authority once in a year that she has not started earning income from other sources which is equal to or more than the minimum family pension and the dearness relief admissible thereon.

5. All Ministries/Departments are requested that the above provisions regarding continuance of family pension on remarriage of a childless widow under Central Civil Services (Pension) Rules, 2021 may be brought to the notice of the personnel dealing with the pensionary benefits in the Ministry/Department and attached/subordinate offices thereunder, for strict implementation.

(Vishal Kumar)
Under Secretary to Government of India
Tel: 24644632

To,

All Ministries/Departments/Organisations (As per standard list).-

सं.-1/1(1)/2022-पी&पीडबल्यू(ई)

भारत सरकार

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय

पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग

***

तीसरा तल, लोकनायक भवन,
खान मार्केट, नई दिल्ली,
दिनांक: 26.10.2022

कार्यालय ज्ञापन

विषयः केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 के अधीन कुटुंब पेंशन की रकम और परिस्थितियां जिनमें यह देय है।

अधोहस्ताक्षरी को यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 1972 का अधिक्रमण करते हुए केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 को अधिसूचित किया है। केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 का नियम 50 किसी सरकारी कर्मचारी/पेंशनभोगी की मृत्यु होने पर कुटुंब पेंशन के संदाय से संबंधित है।

2. केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 के नियम 50(1) एवं 50(2) के अनुसार, किसी सरकारी कर्मचारी/पेंशनभोगी की मृत्यु होने पर निम्नलिखित मामलों में उसके परिवार को कुटुंब पेंशन देय है:

(i) एक वर्ष की लगातार सेवा पूर्ण करने के पश्चात् किसी सरकारी कर्मचारी की मृत्यु होने पर।

(ii) एक वर्ष की लगातार सेवा पूर्ण करने से पूर्व किसी सरकारी कर्मचारी की मृत्यु होने पर, परंतु यह तब जबकि संबद्ध मृतक सरकारी कर्मचारी की, सेवा या पद पर उसकी नियुक्ति के ठीक पूर्व समुचित चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा जांच की गई हो और उस प्राधिकारी द्वारा उसे सरकारी सेवा के लिए उपयुक्त घोषित किया गया हो; और

(iii) सेवा से निवृत होने के पश्चात् किसी सरकारी कर्मचारी की मृत्यु होने पर, यदि वह अपनी मृत्यु की तारीख को इन नियमों में निर्दिष्ट पेंशन या अनुकंपा भत्ता पा रहा हो।

3. कुटुंब पेंशन की रकम न्यूनतम नौ हजार रुपये प्रतिमास और अधिकतम पचहत्तर हजार रुपये प्रतिमास के अध्यधीन वेतन के तीस प्रतिशत की एक समान दर पर अवधारित की जाती है। तथापि, निम्नलिखित परिस्थितियों में कुटुंब पेंशन बढ़ी हुई दर पर अर्थात वेतन के पचास प्रतिशत की दर पर देय है:

(i) किसी सरकारी कर्मचारी की सेवा में रहते हुए मृत्यु होने पर, सरकारी कर्मचारी की मृत्यु की तारीख के ठीक अगली तारीख से दस साल की अवधि के लिए संदेय होगी। बढ़ी हुई दर पर कुटुंब पेंशन का संदाय करने के लिए न्यूनतम सेवा की कोई भी शर्त नहीं है और यह उन सभी मामलों में देय होगी जहां पैरा 2(i) और 2(ii) के अनुसार कुटुंब पेंशन देय होती है।

(ii) सेवानिवृत्ति के पश्चात् सरकारी कर्मचारी की मृत्यु होने पर, सात वर्ष की अवधि के लिए अथवा उस तारीख तक की अवधि के लिए जिस तारीख को सेवानिवृत्त मृतक सरकारी कर्मचारी 67 वर्ष की आयु का हो जाता यदि वह जीवित होता, इनमें से जो भी अवधि लघुतर हो, उस अवधि के लिए कुटुंब पेंशन संदेय होगी।

(iii) तथापि, बढ़ी हुई दर पर कुटुंब पेंशन की रकम किसी भी दशा में सेवानिवृत्ति या सरकारी सेवा से पदच्युति(अनिवार्य सेवानिवृत्ति पर प्राधिकृत पेंशन और सेवा से पदच्युति या हटाए जाने पर संस्वीकृत अनुकंपा भत्ता सहित) पर संस्वीकृत पेंशन से अधिक नहीं होगी।

(iv) यदि जहां प्राधिकृत पेंशन या अनुकंपा भत्ता की रकम सामान्य कुटुंब पेंशन(अर्थात वेतन का तीस प्रतिशत) की रकम से कम हो, वहां कुटुंब पेंशन वेतन के तीस प्रतिशत की सामान्य दर पर देय है।

(v) उपरोक्त(i) और (ii) पर निर्दिष्ट अवधि के समाप्त हो जाने के पश्चात, कुटुंब पेंशन वेतन के तीस प्रतिशत की दर पर देय है।

(vi) बढ़ी हुई दर पर संदेय कुटुंब पेंशन की रकम न्यूनतम नौ हजार रुपये प्रतिमास और अधिकतम एक लाख पच्चीस हजार रुपये प्रतिमास की सीमा के अधीन होगी।

4. नियम 50 के उप-नियम(3) के अनुसार कुटुंब पेंशनभोगी के अस्सी वर्ष या अस्सी वर्ष से अधिक की आयु पूरा करने के पश्चात अतिरिक्त कुटुंब पेंशन भी संदेय है

5. सभी मंत्रालयों/विभागों से अनुरोध है कि केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 के अधीन कुटुंब पेंशन की रकम और परिस्थितियां जिनमें यह देय है, से संबंधित उपरोक्त उपबंधों का सख्ती से अनुपालन करने हेतु, इन्हें पेंशन हितलाभों का निपटान करने वाले कार्मिकों के संज्ञान में लाएं।

विशाल

(विशाल कुमार)
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष: 24644632

सेवा में
सभी मंत्रालय/विभाग/संगठन (मानक सूची के अनुसार)

F. No. 1/1(1))/2022-P&PW (E)
Government of India
Ministry of Personnel, PG & Pensions
Department of Pension & Pensioners' Welfare

3rd Floor, Lok Nayak Bhawan
Khan Market, New Delhi-110 003
Dated: 26.10.2022

Office Memorandum

Subject: Amount of family pension and circumstances in which it is paid under the Central Civil Services (Pension) Rules, 2021.

The undersigned is directed to say that Department of Pension has notified the Central Civil Services (Pension) Rules, 2021 in supersession of the Central Civil Service (Pension) Rules, 1972. Rule 50 of the Central Civil Service (Pension) Rules, 2021 deals with payment of family pension on death of a Government servant/pensioner.

2. In accordance with Rule 50(1) & (2) of the Central Civil Service (Pension) Rules, 2021, on death of a Government servant/pensioner, family pension is payable to the family in the following cases:

(i) On death of a Government servant after completion of one year of continuous service.

(ii) On death of a Government servant before completion of one year of continuous service, provided the deceased Government servant concerned immediately prior to his appointment to the service or post was examined by the appropriate medical authority and declared fit by that authority for Government service; and

(iii) On death of a Government servant after retirement from service, if he was in receipt of a pension, or compassionate allowance on the date of death.

3. The amount of family pension is determined at a uniform rate of thirty per cent of pay subject to a minimum of nine thousand rupees per month and a maximum of seventy-five thousand rupees per month. However, family pension is payable at enhanced rate, i.e. fifty per cent of the pay, in following circumstances:

(i) On death of a Government servant while in service, for a period of ten years from the date following the date of death of the Government servant. There is no condition of minimum service for payment of family pension at enhanced rate and it shall be paid in all cases where family pension has become payable as per para 2(i) and 2(ii) above.

(ii) On death of a Government servant after retirement, for a period of seven years, or for a period upto the date on which the retired deceased Government servant would have attained the age of sixty seven years had he survived, whichever is less.

(iii) The amount of family pension at enhanced rate shall, however, not exceed the pension authorised on retirement or dismissal (including pension authorised on compulsory retirement and compassionate allowance sanctioned on dismissal or removal from Government service).

(iv) In cases where the amount of pension or compassionate allowance authorised is less than even the normal family pension, (i.e. thirty per cent of pay), family pension is paid at normal rate of thirty per cent of pay.

(v) After the expiry of the period referred to at (i) and (ii) above, family pension is paid at the rate of thirty per cent of pay.

(vi) The amount of family pension payable at enhanced rate shall be subject to a minimum of nine thousand rupees per month and a maximum of one lakh twenty five thousand rupees per month.

4. Additional family pension is also payable after completion of the age of eighty years and above of the family pensioner in accordance with sub-rule (3) of Rule 50.

5. All Ministries/Departments are requested that the above provisions regarding amount of family pension and circumstances in which it is paid under the Central Civil Services (Pension) Rules, 2021 may be brought to the notice of the personnel dealing with the pensionary benefits in the Ministry/Department and attached/subordinate offices thereunder, for strict implementation.

(Vishal Kumar)
Under Secretary to Government of India
Tel: 24644632

To

All Ministries/Departments/Organisations (As per standard list).

फा. सं.1/1(1)/2022-पी&पीडब्ल्यू(ई)

भारत सरकार

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय

पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग

तृतीय तल, लोकनायक भवन,
खान मार्केट, नई दिल्ली-110003
दिनांक: 26.10.2022

कार्यालय ज्ञापन

विषय: केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 के अधीन लापता सरकारी कर्मचारी या पेंशनभोगी या कुटुंब पेंशनभोगी के कुटुंब को कुटुंब पेंशन, उपदान, आदि की मंजूरी से संबंधित उपबंध।

अधोहस्ताक्षरी को यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 1972 का अधिक्रमण करते हुए केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 को अधिसूचित किया है।

2. केंद्रीय सिविल सेवा(पेंशन) नियमावली, 2021 के नियम 50(15) के अनुसार, किसी सरकारी कर्मचारी या पेंशनभोगी या कुटुंब पेंशनभोगी के लापता होने की दशा में, कुटुंब पेंशन कुटुंब के किसी अन्य सदस्य या सदस्यों को संदेय है। सेवा के दौरान सरकारी कर्मचारी के लापता होने की दशा में, कुटुंब पेंशन(बढ़ी हुई दर पर कुटुंब पेंशन) उस तारीख के अगले दिन से देय होगी जिस तारीख तक सरकारी कर्मचारी के लापता होने से पहले उसे अवकाश स्वीकृत किया गया था अथवा उस तारीख से जिस तारीख तक सरकारी कर्मचारी को वेतन एवं भत्तों का भुगतान कर दिया गया था अथवा उस तारीख से जिस दिन संबंधित पुलिस थाने में प्रथम सूचना रिपोर्ट या दैनिक डायरी प्रविष्टि या सामान्य डायरी प्रविष्टि, के रूप में रिपोर्ट दर्ज की गई हो, जो भी पश्चातवर्ती हो।

3. किसी पेंशनभोगी के लापता होने की दशा में, कुटुंब पेंशन (बढ़ी हुई दर पर कुटुंब पेशन, जहां लागू हो, सहित) उस तारीख के अगले दिन से देय होगी जिस तारीख तक लापता होने से पहले पेंशनभोगी को पेंशन का भुगतान किया गया था अथवा उस तारीख से जिस दिन संबंधित पुलिस थाने में प्रथम सूचना रिपोर्ट या दैनिक डायरी प्रविष्टि या सामान्य डायरी प्रविष्टि, के रूप में रिपोर्ट दर्ज की गई हो, जो भी पश्चातवर्ती हो।

4. किसी कुटुंब पेंशनभोगी के लापता होने की दशा में, कुटुंब पेंशन उस तारीख के अगले दिन से देय होगी जिस तारीख तक लापता होने से पहले कुटुंब पेंशनभोगी को कुटुंब पेंशन का भुगतान किया गया था अथवा उस तारीख से जिस दिन संबंधित पुलिस थाने में प्रथम सूचना

रिपोर्ट या दैनिक डायरी प्रविष्टि या सामान्य डायरी प्रविष्टि, के रूप में रिपोर्ट दर्ज की गई हो, जो भी पश्चातवर्ती हो।

5. किसी सरकारी कर्मचारी के लापता होने या सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी के सेवानिवृत्ति उपदान प्राप्त किए बिना लापता होने की दशा में, सेवानिवृत्ति उपदान की रकम सेवानिवृत्ति के पश्चात्, सेवानिवृत्ति उपदान प्राप्त किए बिना ही दिवंगत होने वाले सरकारी कर्मचारी की दशा में यथालागू रीति से तथा पात्रता शर्तों के अध्यधीन, कुटुंब के किसी सदस्य या सदस्यों को देय होगी।

6. कुटुंब पेंशन और उपदान के भुगतान के लिए दावे, कुटुंब पेंशन के लिए कुटुंब के पात्र सदस्य या सदस्यों और नामनिर्देशितियों अथवा उपदान की रकम प्राप्त करने के लिए पात्र कुटुंब के सदस्यों द्वारा, संबंधित पुलिस थाने में प्रथम सूचना रिपोर्ट या दैनिक डायरी प्रविष्टि या सामान्य डायरी प्रविष्टि के रूप में रिपोर्ट दर्ज करने के पश्चात् कार्यालय अध्यक्ष को प्रस्तुत किए जाएंगे। दावों के साथ फॉर्मेट 8 में एक क्षतिपूर्ति बॉन्ड सहित संबंधित पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई रिपोर्ट और पुलिस से प्राप्त इस आशय की रिपोर्ट कि इस विषय में किए गए सभी प्रयासों के बावजूद सरकारी कर्मचारी या पेंशनभोगी या कुटुंब पेंशनभोगी का पता नहीं लगाया जा सका, प्रत्येक की प्रति संलग्न होगी।

7. कुटुंब पेंशन, (सेवानिवृत्ति उपदान का रकम और बकाया कुटुंब पेंशन सहित) का भुगतान, संबंधित पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने की तारीख से छह मास की अवधि बीतने से पूर्व नहीं किया जाएगा।

